# श्री शिवसहस्रनामस्तोत्रम्

## लिङ्गपुराणान्तर्गतम्

### हिन्दी अनुवाद सहित



**स्वामी शान्तानन्द पुरी**


# श्री शिवसहस्रनामस्तोत्रम्

**(लिङ्गपुराणान्तर्गतम्)**

**हिन्दी अनुवाद सहित**



**His Holiness Sri Chandrasekharendra Saraswati Swamigal of Kanchi Mutt (1894-1994)**



स्वामी शान्तानन्द पुरी

# प्रस्तावना

कांची के शंकराचार्य परम आदरणीय ब्रह्मलीन स्वामी श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती ने 1989 में एक बार तमिलनाडु में प्रबुद्ध जनों से वार्ता में कहा था कि संसार में विभिन्न समुदायों के मध्य वैमनस्य बढ़ रहा है एवं समाज में तथा निजी पारिवारिक जीवनों में भी परस्पर प्रेम एवं सौहार्द की भावना कम होती जा रही है जिससे प्रत्येक प्राणी अशांत है। संपन्न व्यक्ति भी सुखी नहीं है। इस समस्या के निवारण हेतु उचित होगा कि लिंग पुराण के अन्तर्गत एक शिव सहस्त्रनाम का प्रकाशन किया जाए एवं घर–घर में उसका पाठ किया जाए। परमाचार्य ने यह भी कहा कि शिवसहस्त्रनाम में वर्णित भगवान शिव के नामों के प्रतिदिन किए गए पाठ से परस्पर संबंध सुधरते हैं चाहे वह पति–पत्नी, पिता–पुत्र, सास–बहू, पड़ोसी, भाई–बहन, दो गाँव, पड़ोसी देश, दो सम्प्रदाय के साथ ही क्यों न हों। पति–पत्नी के मध्य तलाक की स्थिति में भी इसके पाठ का अत्यन्त महत्व देखा गया है कि वर्षों बाद भी उनका पुनः सामंजस्य स्थापित हो जाता है। दो देशों के मध्य संभावित युद्ध के खतरे को भी श्री शिव सहस्त्रनाम के सामूहिक पाठ से दूर किया जा सकता है। मनुष्य के दुःखों से द्रवीभूत होकर श्री शिव सहस्त्रनाम के अर्थ सहित प्रकाशन हेतु परमाचार्य ने चेन्नई के एक सेवानिवृत्त अधिकारी का नाम सुझाया (जो संन्यास के बाद स्वामी शान्तानन्द पुरी कहलाये) जो संस्कृत एवं मन्त्र शास्त्र के प्रकाण्ड विद्वान है एवं उस समय चेन्नई में संस्कृत की शिक्षा दिया करते थे। जब इन सज्जन से सम्पर्क कर परमाचार्य की इस इच्छा को बताया

गया तो उन्होंने इस कार्य को करने में यह कहते हुए असमर्थता व्यक्त की कि सभी सहस्त्रनामों का अनुवाद आदिशंकराचार्य जैसे महात्माओं/विद्वानों द्वारा किया गया है क्योंकि इनमें आये शब्दों का शाब्दिक अर्थ से अधिक आध्यात्मिक अर्थ महत्वपूर्ण होता है जो कई परिस्थितियों में अत्यन्त गूढ़ होता है, अतः शायद मैं इस योग्य नहीं हूँ कि शिव सहस्त्रनाम जैसे महत्वपूर्ण कृति का अनुवाद कर सकूँ। परन्तु इन सज्जन ने यह विचार करते हुए कि प्रस्ताव स्वयं परमाचार्य जैसे महात्मा द्वारा भेजा गया है जिन्हें लोग प्रेम से रमते भगवान (Walking God) भी कहते हैं, उन्होंने इस कार्य को करना सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि लिंग पुराण नामक कोई पुस्तक चेन्नई के किसी भी विख्यात पुस्तकालय में उपलब्ध नहीं है। परन्तु एक–दो दिन पश्चात ही दैवीय सहायता से इन सज्जन को यह पुस्तक प्राप्त हो गयी (जिसमें प्रसिद्ध विद्वान बल्लाल महोदय की व्याख्या भी सम्मिलित थी) जिसका उन्होंने परमाचार्य के निर्देशानुसार तमिल में अनुवाद कर दिया। पाठकों को यह बताना भी उचित होगा कि इस सहस्रनाम का ध्यान–श्लोक परमाचार्य ने स्वयं कई श्लोकों में से चुनकर एक निकाला था। पुस्तक का मुख पृष्ठ इसी ध्यान–श्लोक में निहित भाव के अनुरूप है। पूरी पुस्तक समाप्त होने के पश्चात परमाचार्य ने स्वयं उसको पढ़ा एवं अनुमोदित किया। तत्पश्चात पुस्तक प्रकाशित हुई एवं परमाचार्य ने सौ प्रतियाँ वितरण हेतु अपने पास रखी। यह सब पाठकों को बताने का एकमात्र उद्देश्य यह है कि यह कार्य मेरे द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्राप्त दिव्य प्रेरणा

(Divine Inspiration) के फलस्वरूप ही सम्पन्न हुआ है। कुछ समय पश्चात इस पुस्तक का हिन्दी में भी अनुवाद किया गया जो वशिष्ठ गुहा के स्वामी पुरहरानन्द के सहयोग से 1991 में प्रकाशित हुआ था परन्तु उसमें कुछ त्रुटियाँ रह गयी थी। वर्तमान संस्करण संशोधित एवं परिवर्धित किया गया है। मेरा ऐसा विश्वास है कि इस पुस्तक के पढ़ने से साधकों को परमाचार्य जैसे जीवनमुक्त महात्मा का भी अपरोक्ष आशीर्वाद प्राप्त होगा।

जो भी व्यक्ति अपने जीवन में सुख शान्ति और अच्छे सामाजिक सम्बन्ध चाहते हैं विशेषतः विवाहित व्यक्ति जिनके पारस्पारिक सम्बन्धों में कटुता है वह सभी श्री शिवसहस्त्रनाम का नियमित पाठ अवश्य करें। सभी मुमुक्षुओं को भी यह दिव्य ग्रन्थ मोक्ष प्रदान करने में समर्थ हैं।

**हरिओम्।**

**स्वामी शान्तानन्द पुरी**
वशिष्ठ गुहा,
टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड
शिवरात्रि 02 मार्च, 2011

# महत्वपूर्ण सूचना

1. जिस किसी सज्जन को स्वामी शान्तानन्द पुरी के स्वर में गाए हुए श्री शिवसहस्त्रनाम की कैसेट अथवा सी0डी0 की आवश्यकता हो वह कृपया Shri Kapaleeswaran, 13, CIT Colony, Ist Main Road, Mylapore, Chennai-600004, Phone No.: 09841051802 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

2. स्वामी शान्तानन्द पुरी द्वारा लिखित समस्त पुस्तकें एवं आध्यात्मिक लेख, जिनकी सूची इस पुस्तक के अन्त में दी गयी है, इंटरनेट पर जनसामान्य की आध्यात्मिक उन्नति हेतु निःशुल्क उपलब्ध हैं जो निम्न वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है–www.scribd.com/vedavita इस सम्बन्ध में किसी भी जानकारी हेतु इच्छुक व्यक्ति vedavita@gmail.com पर e-mail द्वारा सम्पर्क कर सकते हैं।

# Preface to
# SRI SHIVA SHASRANAMAM

It was suggested by the Late Shankaracharya of Kanchi titled Shi Chandrasekharendra Saraswati (Parmacharya) sometime in 1989 to a elite group of people that hostility is increasing among different sections of society, between two people whether husband-wife, father-son, neighbors, brother-sister, two villages or even two countries. As there is a lot of strife, hatred etc between several communities in India too, it would be appropriate that a particular Shiva Sahasranamam (out of 3 or more versions) from a Linga Purana should be got published and then it should be given to suffering masses. He also suggested that a daily recital of these specific names of Lord Shiva will result in harmonizing and setting up good relations say between husband & wife, father & son etc inside a family, conflicts between two adjacent villages, neighboring countries, etc at various levels. Specially whenever there is an estrangement or talks of divorce between husband and wife, it has been found to be of highest value by uniting them even after years of separations. Even a great war between countries can be

prevented if Shiva Sahasranamam is recited collectively by a group of devotees. For getting work published with meaning he suggested the name of a retired officer in Chennai (Who after Sanyas is known as Swami Shantananda Puri) who also is a real master of Mantra Sastra and Sanskrit language and was at that time teaching Sanskrit to a number of pupil in a colony in Chennai. When the gentleman was approached with the Shankaracharya's message for translation of the names the latter at first refused to undertake the assignment as normally all great Sahasranamams were translated by noble souls like Adi Sankra as many of the meanings had esoteric significance. Translating these names in a casual manner based on dictionary meaning will be tantamount to committing a great sin. As it was the Shankaracharya who was an evolved soul nicknamed by people as 'Walking God', he ultimately accepted the task. He found to his dismay that no copy of Linga Purana which contained this Sahasranamam was available in any of the popular libraries of Chennai. While he was coming disappointed from the oriental library near Marina beach a miraculous incident happened. An unknown gentlemen who was coming from outside in the library

accompanied the aforesaid person (Mr. X) and asked him as to what book he was searching in the library. In his frustration, Mr. X confided to him the entire story leading to his searches to Linga Purana so that he could translate the Shiva Sahasranamam available in it. The unknown gentleman introduced himself as one of the librarians and promised to take him to a lecturer in the univesity whose office was 5 buildings away and who possessed a copy of Linga Purana over which he had done his Ph.D thesis a few years back. This is how the invisible mercy of the pontiff of the Kanchi Mutt worked in order to get fulfilled the Lord's task. Mr. X got a copy of the Linga Purana for reference with the lecturer above. The lecturer warned him that he (Mr. X) should not venture to write the meaning of the thousand names on his own. He also suggested that he should go to a particular house in Chennai where a copy of the Linga Purana was available with a detailed commentary from a great scholar of yore named Ballala. Mr. X was able to contact the person mentioned by the Lecturer and got a Xerox copy of the commentary related to the portion of Shiva Sahasranamam and thus was enabled to fulfill succesfully the great task of translation in Tamil

as required by H.H. Swami Sri Chandrasekharendra Saraswati the then Shankaracharya of Kanchi. It is essential for me to inform the esteemed readers that the Dhyana Sloka of this book was selected out of several slokas by Parmacharya himself. The front cover of this book depicting Lord Shiva and his family matches with the underlying meaning of this Dhyana Sloka. After I wrote entire translation, the script was seen by Parmacharya and was approved. Thus the book was published in Tamil as per the desire of great saint. About a hundred copies of this book were taken by Parmacharya himself for distribution among devotees. Later on, on the suggestion of other colleagues Mr. X got it translated in Hindi also and it got published in 1991 with the help of Late Swami Purharananda Ji Maharaj of Uttrakhand (Vasistha Guha). But some mistakes were later found in that edition. The current edition is revised and enlarged by me. This narration has been given with a view to emphasize that **this entire book has come out with the help of divine inspiration at various levels. I have firm belief that by reading the book one will get blessings from a Jeevanmukta like Parmacharya also.**

May this book be of great help to all those who want peace in their life and are suffering for want of good relations with other people as also those who like to get Moksha (liberation) by the chanting of these sacred 1000 names given in this text.

**HARI OM**

**Swami Shantananda Puri**
**Vasishtha Guha**
**Shivratri 2nd March 2011**

## Important Notice-

1. If anybody is interested in getting the audio cassette/ CD of recital of this Shiv Sahasranama in the voice of H.H. Swami Shantananda Puri, he may contact to Mr. Kapaleeswaran, 13 CIT Colony, Ist Main Road, Mylapore, Chennai-600004, Ph. 09841051802
2. All the books and articles authored by H.H. Swami Shantananda Puri and his Gurudev are also available on internet and can be downloaded free of cost by anybody for his personal spiritual usage from website- **www.scribd.com/vedavita**

   Any query in this regard may be sent by email to **vedavita@gmail.com**

# श्री शिवसहस्रनामस्तोत्रम्
## (लिङ्गपुराणान्तर्गतम्)

अस्य श्रीशिवसहस्रनामस्तोत्रमहामन्त्रस्य। श्रीविष्णुः ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। परमात्मा श्री शंकरो देवता।

## ध्यानम्

**मूले कल्पद्रुमस्य द्रुतकनकनिभं चारुपद्मासनस्थं।**
**वामाङ्करूढगौरीनिबिडकुचभराभोगगाढोपगूढम्।**
**नानालंकारकान्तं मृगपरशुवराभीतिहस्तं त्रिनेत्रं।**
**वन्दे बालेन्दुमौलिं गजवदनगुहाश्लिष्टपार्श्वं महेशम्।।**

**अर्थः**— कल्पवृक्ष के नीचे, तप्तस्वर्ण के समान कान्तियुक्त, सुन्दर पद्मासन में बैठे हुए, वामभाग में गोद में बैठी हुईं पार्वती देवी के निबिड स्तनप्रदेश से आवृत, कई तरह के आभूषणों से सुशोभित, हस्तों में मृग, परशु, वर तथा अभयमुद्राओं को धारण करते हुए, तीन नेत्रों के साथ, मकुट में बालचन्द्र को धारण करते हुए, दोनों पार्श्वों में गणेश तथा कार्तिक (सुब्रह्मण्य) से आलिग्न किए हुए, जो परमेश्वर (शिवजी) हैं उनको प्रणाम करता हूँ।

# श्री शिवसहस्रनामस्तोत्रम्

**भवः शिवः हरो रुद्रः पुरुषः पद्मलोचनः।**
**अर्थितव्यः सदाचारः सर्वशम्भुर्महेश्वरः।।1।।**

1. **भवः शिवः** = समस्त जगत् की उत्पत्ति, स्थिति आदि का कारणभूत भव है। जो तुरीय नाम से पुकारा जाता है वही सच्चिदानन्द रूपी परमात्मा ही शिव है। ''शिवमद्वैतं तुरीयंमन्यन्ते'' – श्रुति –। महोबल रूद्र भाष्य के अनुसार शिव नाम का वास्तविक अर्थ तो ब्रह्मादि देवों से भी नहीं समझाया जा सकता। परन्तु मन आदि इन्द्रियों से परे परमात्मा को ही शिव शब्द से इंगित किया जाता है।
2. **हरो रुद्रः** = प्रलय के समय जो समस्त जगत् का संहार करता है तथा संसार के दुःखों का निवारण करता है (रुं = दुःखं, द्रः = द्रावयति = निवारण करता है)
3. **पुरुषः** = श्री महाविष्णुस्वरूप – पुरुष सूक्त (वेद) में श्री विष्णु का वर्णन है – ''सहस्रशीर्षा पुरुषः''।
4. **पद्मलोचनः** = सूर्य, जो कमलों को विकसित करने वाला है।
5. **अर्थितव्यः** = किसी भी कार्य के आरम्भ में स्तुति करने के योग्य अर्थात् श्री गणेश जी का स्वरूप।
6. **सदाचारः** = जो सदा प्रकृति रूपिणी महाशक्ति के साथ संयुक्त है।
7. **सर्वशम्भुर्महेश्वरः** = सब का मंगल करने वाले रुद्रों का स्वामी। पृथ्वी, अन्तरिक्ष आदि में शिवजी के अंशभूत कई रुद्रगण हैं। वेदों में कहा गया है –

**''सहस्राणि सहस्रशो ये रुद्रा अधिभूम्यां''।**

**ईश्वरः स्थाणुरीशानो सहस्राक्षः सहस्रपात्।**
**वरीयान् वरदो वन्द्यः शङ्करः परमेश्वरः।।2।।**

8. **ईश्वरः** = सभी महिमाओं से युक्त।
9. **स्थाणुः** = जो खम्भा जैसे स्थिर रूप से अचल स्थित है – ''वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येकः''– वेद।
10. **ईशानः**= समस्त विद्याओं का ईश्वर – ''ईशानः सर्वविद्यानामीश्वरः सर्वभूतानां ब्रह्माधिपतिः .....'' वेद।
11. **सहस्राक्षः सहस्रपात्**= अनगिनत् आँखों से तथा पादों से युक्त। जगत् में ईश्वर ही समस्त जीवों के रूप में है इसलिए उसके अगणित आँखें तथा पैर माने जाते हैं।

**''सर्वतः पाणिपादं तत् सर्वतोऽक्षि शिरोमुखम्''**
**श्रीमद्भगवतगीता 13–13**

12. **वरीयान्** = परम श्रेष्ठ।
13. **वरदः वन्द्यः** = जो भक्तों की इष्ट वस्तुएँ प्रदान करता है तथा पूजा योग्य है।
14. **शङ्करः** = सबके कल्याण करने के स्वभाव वाला।
15. **परमेश्वरः** = विष्णु आदि देवों का ईश्वर जो लक्ष्मी को (मा = लक्ष्मी) परम अभीष्ट मानते हैं।

**गङ्गाधरः शूलधरः परार्थैकप्रयोजनः।**
**सर्वज्ञः सर्वदेवादिगिरिधन्वा जटाधरः।। 3।।**

16. **गङ्गाधरः** = गंगा जी को धारण करने वाला।

17. **शूलधरः** = शूल (आयुध) को धारण करने वाला शूलायध की तीन नोकें रज, तम आदि तीन गुणों का नाश करने की शक्ति को सूचित करती हैं।

18. **परार्थैकप्रयोजनः** = अपने भक्तों का कार्य (क्षेम) ही जिसका एकमात्र प्रयोजन है।

19. **सर्वज्ञः** = एक ही समय में जगत् (सारी वस्तुओं) को देखने की शक्ति जिसमें है।

20. **सर्वदेवादिगिरिधन्वा** = महाविष्णु स्वरूपी (जो समस्त देवों में प्रधान है) मेरूपर्वत को अपने धनुष के रूप में जो ग्रहण किया है। गीता में श्री कृष्ण ने मेरूपर्वत को अपना ही स्वरूप वर्णित किया है – ''मेरूः शिखरिणामहम्''।

21. **जटाधरः**= जटा को धारण करने वाला।

**चन्द्रापीडः चन्द्रमौलिः विद्वान् विश्वामरेश्वरः।**
**वेदान्तसारसन्दोहः कपाली नीललोहितः।।4।।**

22. **चन्द्रापीडः** = चन्द्र को पुष्प जैसे सिर में रखने वाला।

23. **चन्द्रमौलिः**= चन्द्र को मुकुट में धारण करने वाला।

24. **विद्वान्** = सर्वज्ञानी।

25. **विश्वामरेश्वरः** = समस्त देवताओं का अधिपति।

26. **वेदान्तसारसंदोहः** = वेद के निश्चित तत्वों के निचोड़ से भरा हुआ।

27. **कपाली नीललोहितः** = कपाल (कछुआ की ढाल) को धारण करते रुद्र रूप।

**ध्यानाधारोऽपरिच्छेद्यः गौरीभर्ता गणेश्वरः।**
**अष्टमूर्तिः विश्वमूर्तिः त्रिवर्गः स्वर्गसाधनः।।5।।**

28. **ध्यानाधारः**= ध्यान का आश्रय।
29. **अपरिच्छेद्यः**= सब जगह पर व्याप्त (देश या काल से अबाधित)।
30. **गौरी भर्ता** = पार्वती जी का भर्ता।
31. **गणेश्वरः** = पच्चीस तत्वों का अधिपति (पञ्चभूत = पञ्च कर्मेन्द्रिय, पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच तन्मात्र अर्थात् शब्द, रस, रूप, स्पर्श तथा गन्ध, मन बुद्धि अहंकार, चित्त और काल)।
32. **अष्टमूर्तिः** = परमेश्वर जो आठ रूपों में प्रकट हैं (पञ्चभूत सूर्य, चन्द्र और पुरुष या आत्मा)।
33. **त्रिवर्गः**= तीन पुरुषार्थों के (धर्म, अर्थ और काम) स्वरूप।
34. **स्वर्गसाधनः** = जो स्वर्ग पाने का साधन है।

**ज्ञानगम्यः दृढप्रज्ञः देवदेवः त्रिलोचनः।**
**वामदेवो महादेवो पांडुः परिदृढोऽदृढः।।6।।**

35. **ज्ञानगम्यः** = जो केवल ज्ञान के द्वारा ही प्राप्त है। ''ज्ञानादेव तु कैवल्यम्'' – वेद।
36. **दृढ़प्रज्ञः** = जिससे हमें स्थिर बुद्धि मिलती है।
37. **देवदेवः** = जो इन्द्रादि देवों को अपने–अपने कामों पर लगाता है।
38. **त्रिलोचनः** = जिसकी तीन आंखें हैं।

39. **वामदेवः** = यह शिवजी का एक वैदिक नाम है।
40. **महादेवः** = पूजनीय महादेव।
41. **पाण्डुः** = सफेद रंग का (''कर्पूर गौरं करुणावतारं––'')
42. **परिदृढ़ः** = हर तरफ से बलवान्।
43. **अदृढ़ः** = जिससे विष्णु ने (अः = विष्णु) बल प्राप्त किया था।

**विश्वरूपो विरूपाक्षः वागीशः शुचिरन्तरः।**
**सर्वप्रणयसंवादी वृषाङ्को वृषवाहनः।।7।।**

44. **विश्वरूपः** = जो विश्व के रूप में माना जाता है।
45. **विरूपाक्षः** = जिसकी विविध रूपों की (अर्थात् सूर्य, चन्द्र और अग्नि रूप) आंखें है।
46. **वागीशः** = वाणी का ईश्वर।
47. **शुचिः** = पवित्र।
48. **अन्तरः** = जो सब के अन्त (अवधि) के रूप में है।
49. **सर्वप्रणय संवादी** = जो समस्त नीति शास्त्रों का वक्ता है।
50. **वृषाङ्कः** = वृषभ (यानि नन्दिकेश्वर) जिसका चिन्ह हो।
51. **वृषवाहनः** = नन्दिकेश्वर (वृषभ्) जिसका वाहन हो।

**ईशः पिनाकी खट्वाङ्गी चित्रवेषः चिरन्तनः।**
**तमोहरो महायोगी गोप्ता ब्रह्माङ्गहृत्‌जटी।।8।।**

52. **ईशः पिनाकी** = सबका शासक तथा पिनाक नाम का धनुष धारण करने वाला।

53. **खट्वाङ्गी** = खट्वाङ्ग नाम का आयुध धारण करने वाला।
54. **चित्रवेषः** = विविध वेषधारी।
55. **चिरन्तनः** = अनन्त काल से रहने वाला या बाहुबल से जगत् का विस्तार करने वाला।
56. **तमोहरः** = अज्ञानरूपी अन्धकार का निवारक।
57. **महायोगी गोप्ता** = सबसे श्रेष्ठ योगी अतः सबका रक्षण करने वाला।
58. **ब्रह्माङ्गहृत्जटी** = ब्रह्मा के सिर को काटने वाला तथा जटाधारी।

एक बार ब्रह्मा जी अपनी पुत्री से ही मोहित होकर काम परवश आंखों से देखने लगे। जब वह कन्या उनकी नजर से बचने के लिए ऊपर चली गई तो ब्रह्मा जी को ऊपर की ओर देखने वाला एक नया सिर उत्पन्न हो गया था। तब शिव जी ने ब्रह्मा जी के इस अनुचित व्यवहार को देख कर उनके ऊपर के सिर को काट डाला। इस कथा के कई रूप छोटे–मोटे परिवर्तनों के साथ शिव पुराण तथा लिङ्गपुराण में उपलब्ध हैं।

**कालकालः कृत्तिवासाः सुभगः प्रणवात्मकः।**
**उन्मत्तवेषः चक्षुष्यः दुर्वासाः स्मरशासनः।।9।।**

59. **कालकालः** = सब प्राणियों के प्राण को अपहरण करने वाले यमराज की भी मृत्यु भूत्।
60. **कृत्तिवासाः** = नृसिंह के चर्म (छाल) को वस्त्र रूप में पहनने वाला। भगवान् विष्णु ने नरसिंहावतार लेकर हिरण्यकशिपु का वध किया था परन्तु उस नरसिंह रूप में

ही रह कर मदोन्मत्त होकर अभिमान वश देवताओं को तथा लोगों को उपद्रव देने लगा। उस शरीर को छोड़ कर धाम में विष्णु के तेज के साथ एकीभूत होने के लिए देवताओं ने विनती की थी। परन्तु उसने उनकी अनसुनी कर दी और तीन लोकों को भी विनाशित करने की धमकी दी। तब शिवजी ने एक (आठ पैर वाली) शरभ पक्षी का रूप धारण करके नरसिंह के सर को अपहरण कर लिया तथा उसके चर्म को अपना वस्त्र बना दिया था।

61. **सुभगः** = विष्णु आदि को षड्गुण तथा ऐश्वर्ययुक्त करने वाला।
62. **प्रणवात्मकः** = ओंकार स्वरूप।
63. **उन्मत्तवेषः** = अवधूत दत्तात्रेय जी का स्वरूप।
64. **चक्षुष्यः** = अत्रि नामक महर्षि की आंखों से उत्पन्न चन्द्र का स्वरूप।
65. **दुर्वासाः** = दुर्वासा नाम के ऋषि का स्वरूप।
66. **स्मरशासनः** = मन्मन्त्र (मदन) का शासन करने वाला।

**दृढायुधः स्कन्दगुरुः परमेष्ठी परायणः।**
**अनादिमध्यनिधनः गिरिशः गिरिबान्धवः।।10।।**

67. **दृढायुधः स्कन्दगुरुः** = जो बल संयुक्त आयुध धारण करता है तथा अपने पुत्र कार्तिकेय (स्कन्द या सुब्रह्मण्यम) का गुरु है।
68. **परमेष्ठी परायणः** = ब्रह्मा जी का स्वरूप तथा सत्य लोक जिसका निवास स्थान है।

69. **अनादिमध्यनिधनः** = जिसका जन्म, स्थिति तथा मरण न हो।

70. **गिरिशः गिरिबान्धवः** = हिमालय में जिसका शासन हो तथा जो हिमालय पर्वत का दामाद हो।

**कुबेरबन्धुः श्रीकण्ठः लोकवर्णोत्तमोत्तमः।**
**सामान्यदेवः कोदण्डी नीलकण्ठः परश्वधी।।11।।**

71. **कुबेरबन्धुः श्रीकण्ठः** = जो धनाधिप कुबेर जी का मित्र हो और जिसके पास ही लक्ष्मी जी (धन और सम्पत्ति) स्थित है।

72. **लोकवर्णोत्तमोत्तमः** = ब्राह्मणों का (अर्थात परब्रह्म परमेश्वर के उपासक) पूज्य।

73. **सामान्यदेवः** = जिसके सामने अन्य देव देवताएं साधारण बनते हैं यानी देव श्रेष्ठ।

74. **कोदण्डी** = कोदण्ड नाम के धनुष को धारण करने वाला (श्री राम चन्द्र का स्वरूप)

75. **नीलकण्ठः** = जिसका कण्ठ समुद्र मन्थन के समय सर्पराज वासुकी के मुंह से उत्पन्न हलाहल विष को पीने से काला बन गया है ''नमो नीलग्रीवाय च शितिकण्ठाय च'' – श्री रुद्रम्।

76. **परश्वधी** = कुठार (परशु) को आयुध के रूप में धारण करने वाला। यहां परशु संसाररूपी (जनन मरणरूपी) वृक्ष के उन्मूलन करने के सामर्थ्य का प्रतीक है।

**विशालाक्षो मृगव्याधः सुरेशः सूर्यतापनः।**
**धर्मकर्माक्षमः क्षेत्रं भगवान् भगनेत्रभित्।।12।।**

77. **विशालाक्षः** = जिनकी आंखें खूब विस्तृत (विशाल) हों।

78. **मृगव्याधः** = हिरण का रूप धारण किये हुए ब्रह्मा जी का पीछा करके जिसने बाण से मारा। एक बार ब्रह्मा जी काम मोहित होकर हिरनी के रूप में स्थित अपनी पुत्री के पीछे हिरन का रूप लेकर दौड़े थे। तब शिवजी ने उनके पीछे दौड़ कर अपने बाण से मार कर घायल किया था।

**''प्रजानाथं नाथ प्रसभमभिकं स्वां दुहितरं – ''**
**शिवमहिम् स्तोत्र।**

79. **सुरेशः** = देवों का अधिपति या शासक।

80. **सूर्यतापनः** = जिसके अनुग्रह से सूर्य ने अपनी ताप (ऊष्मा) देने की शक्ति पायी।

81. **धर्मकर्माक्षमः** = ज्ञान और संन्यास के बिना केवल यज्ञ, पूजा इत्यादि धार्मिक कर्मों से जिसको प्राप्त करना असम्भव है।

**''न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागे नैके अमृतत्व मानशुः''**
– श्रुति।

82. **क्षेत्रं भगवान्** = कर्मबीजों का स्थान अर्थात् देह (क्षेत्रं) के रूप में रहने वाला विष्णु रूप ईश्वर।

83. **भगनेत्रभित्** = दक्ष के यज्ञ का ध्वंस करते समय भग नामक आदित्य की आंख को निकाल देने वाला अतएव भयङ्कर या क्रूर रूप वाला।

**उग्रः पशुपतिः तार्क्ष्यप्रियभक्तः प्रियंवदः।**
**दांतोदयाकरो दक्षः कपर्दी कामशासनः।।13।।**

84. **पशुपतिः** = ब्रह्मा इत्यादि अज्ञान में फंसे हुए जीवों (पशु) का पालन कर्त्ता।
85. **तार्क्ष्यप्रियभक्तः** = गरुड जी (तार्क्ष्य) के प्रिय स्वामी विष्णु जिसका भक्त हो।
86. **प्रियंवदः** = अपने रहस्यों को भी भक्तों को प्रकट करने वाला।
87. **दांतोदयाकरः** = जितेन्द्रिय ऋषि या ज्ञानियों के ज्ञान के उदय का भण्डार।
88. **दक्षः** = खूब समर्थ।
89. **कपर्दी** = जटाधारी।
90. **कामशासनः** = अपनी इच्छा से शासन करने वाला अर्थात् स्वतन्त्र।

**श्मशाननिलयः सूक्ष्मः श्मशानस्थः महेश्वरः।**
**लोककर्ता भूतपतिः महाकर्ता महौषधी।।14।।**

91. **श्मशाननिलयः सूक्ष्मः** = सुषुम्ना नाडी जिसका स्थान है तथा सूक्ष्मरूप (हट्टदीपिका में सुषुम्ना को ही श्मशान कहा गया है)।
92. **श्मशानस्थः** = काशी में जिसका निवास है।
93. **महेश्वरः** = सबसे बड़ा ईश्वर।
94. **लोककर्त्ता** = भूलोक, स्वर्गलोक इत्यादि लोकों का सृष्टिकर्त्ता।

95. **भूतपतिः** = आकाश इत्यादि भूतों का स्वामी।

96. **महाकर्त्ता** = समस्त वस्तुओं का कारणभूत।

97. **महौषधी** = संसार सागर से जनों का पार कराने का तारक ज्ञान जिसका हो।

**उत्तरः गोपतिः गोप्ता ज्ञानगम्यः पुरातनः।**
**नीतिः सुनीतिः शुद्धात्मा सोमसोमरतः सुखी।।15।।**

98. **उत्तरः** = जो संसार से छुड़ाता हो।

99. **गोपतिः** = वेद रूपी गायों का पालक।

100. **गोप्ता** = सब का रक्षक।

101. **ज्ञान गम्यः** = जिससे आत्म ज्ञान प्राप्त होता है।

102. **पुरातनः** = बहुत पुराने काल से विद्यमान।

103. **नीतिः** = सन्मार्ग रूप।

104. **सुनीतिः** = जिससे सारे कल्याणकारी नीतिशास्त्र उत्पन्न होता हो।

105. **शुद्धात्मा** = जो हमारे अन्तःकरण को शुद्ध करता हो।

106. **सोमसोमरतः**= पार्वती (उमा) के सहित रहने वाला तथा चन्द्र में जिसकी प्रीति हो।

107. **सुखी** = नित्यानन्दमय।

**सोमपः अमृतपः सोमः महानीतिर्महामतिः।**
**अजातशत्रुः आलोकः सम्भाव्यः हव्यवाहनः।।16।।**

108. **सोमपः** = जो सभी याग यज्ञों में आहुतिरूप में दिए हुए सोमरस को पीता हो।

109. **अमृतपः** = अमृत को जो पीता हो।

110. **सोमः** = यज्ञ में उपयोग की जाने वाली सोमलता के रूप में विद्यमान।

111. **महानीतिः** = सभी पूज्य नीतियां जिससे उत्पन्न हो।

112. **महामतिः** = पूज्य सद्बुद्धि जिससे उत्पन्न हो।

113. **अजातशत्रुः** = जिसका कोई दुश्मन ही न पैदा हुआ हो अर्थात् समदर्शी।

114. **आलोकः** = प्रकाश रूप।

115. **सम्भाव्यः** = सत्कार या पूजा करने के योग्य।

116. **हव्यवाहनः** = अग्निरूप। यज्ञ में आहुति दिए जाने वाले पदार्थों को देवताओं को पहुँचाने से अग्नि का नाम हव्यवाहन हुआ।

**लोककारो वेदकारः सूत्रकारः सनातनः।**
**महर्षिः कपिलाचार्यः विश्वदीप्तिः त्रिलोचनः।।17।।**

117. **लोककारः** = चौदह भुवनों का सृष्टिकर्त्ता।

118. **वेदकारः** = ऋग्, यजुस्, आदि वेदों का रचयिता।

119. **सूत्रकारः** = ब्रह्म सूत्र आदि सूत्रों का रचयिता।

120. **सनातनः** = सनातन नामक ऋषिरूप।

121. **महर्षिः कपिलाचार्यः** = पूज्य ऋषिरूप तथा कपिल नाम का जो साँख्य मत का प्रवर्तक था उसका रूप।

122. **विश्वदीप्तिः** = सारे जगत् के प्रकाश का कारणभूत।

123. **त्रिलोचनः** = भूमि, स्वर्ग, पाताल, तीनों लोकों में जिनकी आँख है।

**पिनाकपाणिभूर्देवः स्वस्तिदः स्वस्तिकृत्सदा।**
**त्रिधामा सौभगः शर्वः सर्वज्ञः सर्वगोचरः।।18।।**

124. **पिनाकपाणि भूर्देवः** = पिनाक नामक धनुष को धारण करने वाला तथा भूलोक में जो क्रीड़ा (लीला) करता हो।
125. **स्वस्तिदः** = सबका कल्याण करने वाला।
126. **सदा स्वस्तिकृत्** = समय–समय मंगल करने वाला।
127. **त्रिधामा** = ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, रूपी तीन तेज जिससे उत्पन्न हुआ हो।
128. **सौभगः** = सौभ नामक एक विमान को शल्य नामक अपने भक्त को जो दिया हो (यह कथा भागवत् में है)।
129. **शर्वः सर्वज्ञः** = जिसके रुद्रगण (शर्व) सर्वज्ञ हैं।
130. **सर्वगोचरः** = सबको देखने वाला (अर्थात् समस्त पदार्थ जिसके प्रत्यक्ष हों)।

**ब्रह्मधृक् विश्वसृक् स्वर्गः कर्णिकारः प्रियः कविः।**
**शाखः विशाखः गोशाखः शिवोनैकः क्रतुः समः।।19।।**

131. **ब्रह्मधृक् विश्वसृक् स्वर्गः** = वेद में निष्ठित वेदवादी साधकों के लिए ब्रह्मलोक नामक स्वर्ग की सृष्टि करने वाला।
132. **कर्णिकारः** = कर्णिकार नामक वृक्ष या एक तरह का कमल (या उत्पल)।
133. **प्रियः** = आत्म रूप होने से सबका प्रीतिपात्र।
134. **कविः** = आदि कवि बाल्मीकि रूप।
135. **शाखः विशाखः** = शिवजी का पुत्र कार्तिकेय का रूप (कार्तिकेय का एक नाम है शाख)।

136. **गोशाखः** = ऋग्, यजु, साम आदि सर्ववेदों का कारण भूत्।

137. **शिवः** = मोक्ष सुख का रूप।

138. **नैकः** = जिसके समान अद्वितीय दूसरा कोई नहीं है।

139. **क्रतुः** = अग्निष्टोम जैसे वेद विहित यागों के रूप।

140. **समः** = सब लोगों से समान रूप से व्यवहार करने वाला (निष्पक्ष)।

**गङ्गाप्लवोदकः भावः सकलः स्थपतिस्थिरः।**
**विजितात्मा विधेयात्मा भूतवाहनसारथिः।।20।।**

141. **गङ्गाप्लवोदकः** = नौका जैसे मुमुक्षु जनों को पार करने वाली गङ्गा जी का कारण भूत।

142. **भावः** = भक्तों को मोक्ष प्रदान करने वाला।

143. **सकलः** = चन्द्र की कलाओं से सदा संयुक्त।

144. **स्थपतिस्थिरः** = जो माया से सृष्टि करते हुए भी खुद स्थिर हो।

145. **विजितात्मा** = जिसकी कृपा से मन को स्वाधीन किया जाए।

146. **विधेयात्मा** = जिसके तात्विक स्वरूप वेदों द्वारा ही प्रकाशित हो।

("न चक्षुषा पश्यति कश्चिदैनम्" – श्रुति)

147. **भूतवाहनसारथिः** = ब्रह्मा जी जिसका सारथी हो।

**सगणो गणकार्यश्च सुकीर्तिः छिन्नसंशयः।**
**कामदेवः कामपालः भस्मोद्धूलित विग्रहः।।21।।**

148. **सगणः** = जो प्रमथ नामक भूत गणों के सहित हो।
149. **गणकार्यः** = पच्चीस तत्त्वों से बनाया गया ब्रह्माण्ड जिसका कार्य हो।
150. **सुकीर्तिः** = अपने भक्तों की कीर्ति बढ़ाने वाला।
151. **छिन्नसंशयः** = अपने भक्तों की सारी शंकाओं को दूर करने वाला।
152. **कामदेवः** = जिसकी कृपा से मदन सकल लोकों पर विजय पाया हो।
153. **कामपालः** = मदन का रक्षक।
154. **भस्मोद्धूलित विग्रहः** = जिसने समस्त शरीर में भस्म या विभूति लगाया हो।

**भस्मप्रियः भस्मशायी कामी कान्तः कृतागमः।**
**समायुक्तो निवृत्तात्मा धर्मयुक्तः सदाशिवः।।22।।**

155. **भस्मप्रियः** = भस्म (विभूति) जिसका प्रिय हो।
156. **भस्मशायी** = भस्मों पर जो शयन करता हो।
157. **कामीकान्तः** = जो काम से भरा अतएव सुन्दर हो।
158. **कृतागमः** = जिसने वेदों की सृष्टि की हो।
159. **समायुक्तः** = सदा प्रकृति से संयुक्त या लक्ष्मी पति विष्णु के साथ संयुक्त।
160. **निवृत्तात्मा** = मन जिसको पहुँच न पाया (इसलिए लौट आया हो)–

**''यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह''।**

161. **धर्मयुक्तः** = जो धर्म से अभिन्न रहता हो।
162. **सदाशिवः** = जो सबको मंगल प्रदान करने वाला हो।

**चतुर्मुखः चतुर्बाहुः दुरावासो दुरासदः।**
**दुर्गमो दुर्लभो दुर्गः सर्वायुधविशारदः।।23।।**

163. **चतुर्मुखः चतुर्बाहुः** = चार हस्तों से युक्त ब्रह्मा का रूप जिसका हो।
164. **दुरावासः** = जिसको योगी लोग बहुत कष्ट से चित्त में स्थापित करते हों।
165. **दुरासदः** = जिसके पास पहुँचना कठिन हो।
166. **दुर्गमः दुर्लभः** = जिसको जानना कठिन हो और पाना भी कठिन हो।
167. **दुर्गः** = जिसके पास पहुँचना अतीव कठिन हो।
168. **सर्वायुधविशारदः** = जिससे ही परशुराम जैसे वीर पुरुष (शस्त्र) शास्त्र विद्या में कुशलता प्राप्त करते हों।

**अध्यात्मयोगनिलयः सुतन्तुः तंतुवर्धनः।**
**शुभाङ्गः लोकसारङ्गः जगदीशः अमृताशनः।।24।।**

169. **अध्यात्मयोगनिलयः** = असंप्रज्ञात समाधि ही जिसका निवास स्थान हो।
170. **सुतन्तुः** = अच्छी सन्तान जो प्रदान करता हो।
171. **तन्तुवर्धनः** = अविच्छिन्न सन्तति की वृद्धि करने वाला।
172. **शुभाङ्गः** = जो हमारे शरीरों का मङ्गल करता हो।
173. **लोकसारङ्गः** = जो भ्रमर जैसा भक्ति रस का आस्वादन करता हो या जिसके लिए समस्त लोक क्रीड़ा करने के खिलौने हों।
174. **जगदीशः** = समस्त जगत का नियन्ता।

175. **अमृताशनः** = यज्ञों में बचा हुआ शेष ही जिसका भोजन हो।

**भस्मशुद्धिकरो मेरुः ओजस्वी शुद्धविग्रहः।**
**हिरण्यरेताः तरणिः मरीचिर्महिमालयः।।25।।**

176. **भस्मशुद्धिकरः** = जो भस्म से सबको शुद्ध करता हो।
177. **मेरुः** = महामेरु पर्वत रूप।
178. **ओजस्वी शुद्धविग्रहः** = आत्म बल युक्त होने से जिसका रूप परम पवित्र हो।
179. **हिरण्यरेताः** = जिसका वीर्य हिरण्य रूप (सोना जैसा) हो।
180. **तरणिः मरिचिः** = संसार सागर को पार करने वालों के लिए जो नाव के रूप में हो तथा सूर्य रूप।
181. **महिमालयः** = महिमा सिद्धि (वृहद् रूप धारण करने की शक्ति) का स्थानभूत्।

**महाह्रदः महागर्भः सिद्धवृन्दारवन्दितः।**
**व्याघ्रचर्मधरः व्याली महाभूतो महानिधिः।।26।।**

182. **महाह्रदः** = योगियों के मकान ज्ञान समुद्र का कारणभूत।
183. **महागर्भः** = महत् तत्व का कारणभूत।
184. **सिद्धवृन्दारवन्दितः** = सिद्ध तथा देव गणों से पूजित।
185. **व्याघ्रचर्मधरः** = बाघ की खाल को वस्त्र रूप में धारण करने वाला (यह हमारी बुरी कामनाएं तथा कुसंस्कारों की दमन शक्ति का प्रतीक है)

186. **व्याली** = वासुकी आदि सर्पों को भूषणों के रूप में धारण करता हो।

187. **महाभूतः** = जिससे विराट पुरुष (ब्रह्मा) की उत्पत्ति हुई हो।

188. **महानिधिः** = शङ्खनिधि इत्यादि विख्यात धन निधियों का उत्पत्ति स्थान।

**अमृताङ्गः अमृतवपुः पञ्चयज्ञः प्रभञ्जनः।**
**पञ्चविंशतितत्त्वज्ञः पारिजातः परावरः।।27।।**

189. **अमृताङ्गः** = जो भक्तों के शरीर को अमृतत्व प्रदान करता हो।

190. **अमृतवपुः** = जिसका रूप हिरण्यमय (सोना जैसा) हो – ''अमृतं वै हिरण्यम्'' (श्रुति)

191. **पञ्चयज्ञः** = पितृयज्ञ, देवयज्ञ आदि पांच नित्य यज्ञ जिसका हो।

192. **प्रभञ्जनः** = जो भक्तों के माया रूपी आवरण (परदा) को हटाता हो।

193. **पञ्चविंशतितत्त्वज्ञः** = पच्चीस तत्त्वों के मूलभूत तत्व को जो भक्तों को प्रकट करता हो।

194. **पारिजातः** = कल्पक वृक्ष (अर्थात् भक्तों की कामनाओं की पूर्ति करने वाला)।

195. **परावरः** = जो परब्रह्म के रूप में तथा जगत् के रूप में भी स्थित हो।

**सुलभः सुव्रतः शूरः वाङ्मयैकनिधिर्निधिः।**
**वर्णाश्रमगुरुर्वर्णी शत्रुजित् शत्रुतापनः।।28।।**

196. **सुलभः** = भक्तों को आसानी से जो उपलब्ध हो।
197. **सुव्रतः शूरः** = अच्छे नियमों का आचरण जो करता हो तथा सूर्यरूप!
198. **वाङ्मयैकनिधिः** = व्याकरण शास्त्र की अनुपम निधि (व्याकरण शास्त्र की उत्पत्ति शिवजी के महेश्वर से ही मानी जाती है)।
199. **निधिः** = जो योगियों से चित्त में अच्छी तरह स्थापित किया जाता है (नीतरां चित्ते धीयते)।
200. **वर्णाश्रमगुरुः** = ब्राह्मण आदि चार वर्णों का तथा ब्रह्मचर्य आदि चार आश्रमों का भी सृष्टिकर्त्ता।
201. **वर्णी** = ब्रह्मचारी के रूप में स्थित (आध्यात्मिक उन्नति के लिए ब्रह्मचर्य एक अनिवार्य साधन है)।
202. **शत्रुजित् शत्रुतापनः** = जो अपने भक्तों के शत्रुओं को जीतता हो तथा उनको संताप देकर सताता हो।

**आश्रमः क्षपणः क्षामः ज्ञानवान् अचलाचलः।**
**प्रमाणभूतः दुर्ज्ञेयः सुपर्णो वायुवाहनः।।29।।**

203. **आश्रमः** = जन्म मरण के परिश्रम से दुखी जनों को विश्राम का स्थानभूत।
204. **क्षपणः** = अपने भक्तों के पापों का क्षय (नाश) करने वाला।
205. **क्षामः** = बहुत कृश स्वरूप।

206. **ज्ञानवान्** = नित्य ज्ञान से संयुक्त।

207. **अचलाचलः** = सारे अचल पहाड़ों की उत्पत्ति का कारण भूत।

208. **प्रमाणभूतः** = जिससे ही प्रत्यक्ष, अनुमान इत्यादि प्रमाणों की उत्पत्ति हुई हो।

209. **दुर्ज्ञेयः** = बहुत परिश्रम से ही जानने योग्य।

210. **सुपर्णः** = गरुड के रूप भूत।

211. **वायुवाहनः** = जिसके वाहन पर चढ़ने के लिए वायु सीढ़ियों के रूप में उपस्थित हो।

**धनुर्धरः धनुर्वेदः गुणराशिः गुणाकरः।**
**अनन्तदृष्टिः आनन्दः दण्डः दमयिता दमः।।30।।**

212. **धनुर्धरः धनुर्वेदः** = धनुष को जो धारण करता हो तथा जिससे धनुर्वेद प्रकाशित किया गया हो।

213. **गुणराशिः** = समस्त गुणों की निधि।

214. **गुणाकरः** = योग आदि गुणों की खान।

215. **अनन्तदृष्टिः** = जिसकी आँखें अनन्त हों

216. **आनन्दः** = नित्यानन्द का रूप।

217. **दण्डः दमयिता** = जो दण्ड के रूप में हो और इसलिये दुष्टों का दमन करता हो।

218. **दमः** = जो इन्द्रियों के विग्रह के रूप में हो।

**अभिवाद्यो महाचार्यः विश्वकर्मा विशारदः।**
**वीतरागो विनीतात्मा तपस्वी भूतभावनः।।31।।**

219. **अभिवाद्यः** = पूजा के योग्य।

220. **महाचार्यः** = महान गुरुओं का कारण भूत।
221. **विश्वकर्मा** = सारा जगत जिसका कार्य हो।
222. **विशारदः** = सरस्वती देवी का उत्पत्ति स्थान।
223. **वीतरागः** = जिसकी कृपा से भक्त लोग रागद्वेष से रहित हो जाते हैं।
224. **विनीतात्मा** = जो भक्तों को नम्र स्वभाव प्रदान करता हो।
225. **तपस्वी** = जिसके पास तपस्या का बल है।
226. **भूतभावनः** = समस्त प्राणियों का सृष्टिकर्त्ता।

**उन्मत्तवेषः प्रच्छन्नः जितकामोऽजितप्रियः।**
**कल्याणप्रकृतिः कल्पः सर्वलोकप्रजापतिः।।32।।**

227. **उन्मत्तवेषः प्रच्छन्नः** = पागल जैसा वेष धारण करने से गूढ़रूप में जो हो।
**(''स्मशानेष्वा क्रीड़ा स्मरहर पिशाचाः सहचराः''**
**– शिवमहिम्स्तोत्र)**
228. **जितकामः** = जिसने काम को जीत लिया हो।
229. **अजितप्रियः** = विष्णु जी जिसका प्रीतिपात्र हो।
230. **कल्याणप्रकृतिः** = जिसका स्वभाव मग्लकारी हो।
231. **कल्पः** = सबसे प्रथम।
232. **सर्वलोकप्रजापतिः** = चौदह भुवनों की प्रजाओं का पालक।

**तपस्वी तारको धीमान् प्रधानप्रभुः अव्ययः।**
**लोकपालः अन्तर्हितात्मा कल्पादिः कमलेक्षणः।।33।।**

233. **तपस्वी तारकः** = तपस्या ही जिसका धन हो। जिसकी वजह से भवसमुद्र से पार करने की शक्ति सम्पन्न हो।

234. **धीमान्** = तीक्ष्ण स्मरण शक्ति युक्त।

235. **प्रधानप्रभुः** = अव्यक्ता प्रकृति का स्वामी।

236. **अव्ययः** = नाशरहित।

237. **लोकपालः** = समस्त लोकों का पालन कर्ता।

238. **अन्तर्हितात्मा** = जिसका स्वरूप माया से ढका हुआ हो।

239. **कल्पादिः** = सर्व शास्त्रों का कारण भूत।

240. **कमलेक्षणः** = जिसकी दृष्टि समस्त ऐश्वर्यप्रद हो।

**वेदशास्त्रार्थतत्त्वज्ञः नियमो नियमाश्रयः।**
**चन्द्रः सूर्यः शनिः केतुः विरामो विद्रुमच्छविः।।34।।**

241. **वेदशास्त्रार्थतत्वज्ञः** = वेदों तथा शास्त्रों के अर्थ को जानने वाले ऋषि–मुनियों का कारणभूत।

242. **नियमः** = नियम नामक योग के अङ्ग का कारण भूत।

243. **नियमाश्रयः** = इन्द्रियों के निग्रह से जिसका आश्रय पाया जाता हो।

244. **चंद्रः** = चन्द्र स्वरूप।

245. **सूर्यः** = सूर्य स्वरूप।

246. **शनिः** = शनिदेव का स्वरूप।

247. **केतुः** = केतु (नवग्रहों में एक) का स्वरूप।

248. **विरामः** = सुन्दर बुध ग्रह का स्वरूप।

249. **विद्रुमच्छविः** = प्रवाल वर्ग के मङ्गल ग्रह का स्वरूप।

**भक्तिगम्यः परं ब्रह्म मृगबाणार्पणोऽनघः।**
**अद्रिराजालयः कान्तः परमात्मा जगद्गुरुः।।35।।**

250. **भक्ति गम्यः** = भक्ति और प्रेम के द्वारा ही पाये जाने वाला।

251. **परं ब्रह्म मृगबाणार्पणः** = जिसकी कृपा से मनरूपी बाण परब्रह्म रूप लक्ष्य पर अर्पित हो जाता हो।

**(प्रणवो धनुः शरोह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते – मुण्डकोपनिषद)**

252. **अनघः** = जो भक्तों को पाप रहित करता हो।

**("यद् द्वयक्षरं नाम गिरेरितं नृणां सकृत्प्रसंगादधमाशुहंति यत्" – श्रीमद्भागवत)**

253. **अद्रिराजालयः** = महामेरु जैसे बड़े पर्वत जिसका निवास स्थान हो।

254. **कान्तः** = जो ब्रह्मा जी को पास में सारथि के रूप में नियुक्त कर रखा हो।

**(कं = ब्रह्मा, अन्तः = समीप में)**

255. **परमात्मा** = सर्वोत्कृष्ट तथा सर्वव्यापी आत्मा रूप परमेश्वर।

256. **जगद्गुरुः** = समस्त जनों के हित का उपदेशक।

**सर्वकर्माचलः त्वष्टा मंगल्यो मंगलावृतः।**
**महातपाः दीर्घतपाः स्थविष्ठः स्थविरो ध्रुवः।।36।।**

257. **सर्वकर्माचलः** = जिसकी कृपा से पूजादिक कर्म अक्षय हो जाते हों।

258. **त्वष्टा** = विश्वकर्मा का स्वरूप भूत।
259. **मंगल्यः मगलावृतः** = हित करने वाला तथा मंगल से भरा हुआ।
260. **महातपाः** = जिसने विलक्षण तपस्या की हो।
261. **दीर्घतपाः** = जरामरणरहित होने से बहुकाल जिसने तपस्या की हो।
262. **स्थविष्ठः** = बहुत स्थूल रूप।
263. **स्थविरः** = वृद्ध रूप।
264. **ध्रुवः** = अचंचल।

**अहः संवत्सरो व्याप्तिः प्रमाणं परमं तपः।**
**संवत्सरकरो मन्त्रः प्रत्ययः सर्वदर्शनः।।37।।**

265. **अहः** = दिन का रूप।
266. **संवत्सरः** = वर्ष नामक कालरूप।
267. **व्याप्तिः** = सब जगह विद्यमान।
268. **प्रमाणम्** = मर्यादारूप।
269. **परमम्** = जिसके पास मोक्ष लक्ष्मी है।
270. **तपः** = ऋतादिरूप (सारी जगत् जिस विधान के अन्तर्गत कार्य करती है उसे ऋत कहा जाता है)।
271. **संवत्सरकरः** = 'प्रभव' आदि वर्षों का उत्पादक (साठ वर्षों के एक मंडल में प्रत्येक वर्ष का एक नाम दिया गया है)।
272. **मंत्रः प्रत्ययः** = जिसके विषय में गुप्तरूप में संभाषण करने योग्य है और जो अनुभव स्वरूप हो।

273. **सर्वदर्शनः** = जिसमें सब कुछ दिखाई पड़ता है (विश्वरूप)।

**अजः सर्वेश्वरः स्निग्धः महारेता महाबलः।**
**योगी योग्यो महारेताः सिद्धः सर्वादिः अग्निदः।।38।।**

274. **अजः** = अजन्मा होने के कारण नित्य सिद्ध।
275. **सर्वेश्वरः** = सबका ईश्वर।
276. **स्निग्धः** = भक्तों के पास प्रीति युक्त।
277. **महारेता महाबलः** = ऊर्ध्वरेता होने से पूज्य वीर्य सहित तथा अतीव बल युक्त।
278. **योगी** = नित्य योग निष्ठित।
279. **योग्यः** = योग के लिए अहं।
280. **महारेताः** = पूज्य सुवर्ण रूप का वीर्य सहित।
281. **सिद्धः** = नित्य उपलब्ध।
282. **सर्वादिः** = सबके कारण रूप।
283. **अग्निदः** = ज्ञान रूपी अग्नि को प्रदान करने वाला।
**(''ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुतेऽर्जुन'' – भगवद्गीता)**

**वसुर्वसुमनाः सत्यः सर्वपापहरो हरः।**
**अमृतः शाश्वतः शान्तः बाणहस्तः प्रतापवान्।।39।।**

284. **वसुः** = समस्त प्राणियों का निवास स्थान।
285. **वसुमनाः** = जिसकी कृपा से मन परिशुद्ध हो जाता है।
286. **सत्यः सर्वपापहरः** = सत्यरूप तथा सबके पापों का नाशक।

287. **हरः** = अद्भुत वस्तु को प्रदान करने वाला।
288. **अमृतः शाश्वतः** = मोक्षरूप और इसलिए नित्य।
289. **शान्तः** = सुखरूप।
290. **बाणहस्तः प्रतापवान्** = त्रिपुरासुर के संहार के लिए हाथ में बाण को धारण जो करता हो और शौर्य से भरा हुआ।

**कमण्डलुधरी धन्वी वेदाङ्गो वेदविन्मुनिः।**
**भ्राजिष्णुर्भोजनं भोक्ता लोकनेता दुराधरः।।40।।**

291. **कमण्डलुधरः** = कमण्डलुसहित।
292. **धन्वी** = पिनाक नामक धनुष सहित।
293. **वेदाङ्गो** = जिसके अङ्ग वेदरूप हैं।
294. **वेदवित्** = वेदों के ज्ञान को प्रदान करने वाला।
295. **मुनिः** = यतिरूप।
296. **भ्राजिष्णुः** = प्रकाशमान।
297. **भोजनं भोक्ताः** = अन्नरूप तथा अन्न का भोग करने वाला।
298. **लोकनेता** = लोकों का निमन्त्रक।
299. **दुराधरः** = बहुत परिश्रम से भी मन में जिसका धारण करना कठिन हो।

**अतीन्द्रियो महामायः सर्वावासः चतुष्पथः।**
**कालयोगी महानादः महोत्साहो महाबलः।।41।।**

300. **अतीन्द्रियः** = जो इन्द्रियों का गोचर नहीं हो।

301. **महामायः** = जिसकी माया शक्ति अपार हो।
302. **सर्वावासः** = सारे विश्व का निवास स्थान।
303. **चतुष्पथः** = धर्मार्थकामादि चार पुरुषार्थ जिससे उत्पन्न हों।
304. **कालयोगी** = मृत्यु (काल) को अपने कार्यों पर नियुक्त करने वाला।
305. **महानादः** = पूज्य अनाहत नाद का उत्पत्ति स्थान।
306. **महोत्साहः** = जिसका उत्साह पूज्य हो।
307. **महाबलः** = जिससे अनुपम बल मिलता हो।

**महाबुद्धिः महावीर्यः भूतचारी पुरन्दरः।**
**निशाचरः प्रेतचारिमहाशक्तिः महाद्युतिः।।42।।**

308. **महाबुद्धिः** = तीक्ष्ण बुद्धि जिससे मिलती हो।
309. **महावीर्यः** = प्रबल वीर्य जिससे मिलता हो।
310. **भूतचारी** = जिसकी गति समस्त प्राणियों में हो।
311. **पुरंदरः** = त्रिपुर का तोड़ने वाला।
312. **निशाचरः** = कालरात्रि में क्रीड़ा करने वाला।
313. **प्रेतचारिमहाशक्तिः** = शव को अपना वाहन बनाने वाली चामुण्डा देवी का स्वरूप।
314. **महाद्युतिः** = अति विशिष्ट कान्तियुक्त (कोटि सूर्यों के जैसे तेजोयुक्त)।

**अनिर्देश्यवपुः श्रीमान् सर्वहार्यमितोगतिः।**
**बहुश्रुतो बहुमयः नियतात्मा भवोद्भवः।।43।।**

315. **अनिर्देश्यवपुः** = जिसका रूप अवर्णनीय है।
316. **श्रीमान्** = नित्य शोभायुक्त।
317. **सर्वहार्यमितः** = सबका मृत्युरूप काल से भी जो परिमित न हो (कालातीत)।
318. **गतिः** = सन्मार्ग स्वरूप।
319. **बहुश्रुतः** = समस्त शास्त्रों का कारणभूत।
320. **बहुमयः** = अपार सुख प्रदान करने वाला।
321. **नियतात्मा** = जिन्होंने अपने मन का निग्रह किया उनका आत्मस्वरूप।
322. **भवोद्भवः** = संसार की उत्पत्ति का कारण।

**ओजस्तेजोद्युतिकरः नर्तकः सर्वकामकः।**
**नृत्यप्रियः नृत्यनृत्यः प्रकाशात्मा प्रतापनः।।44।।**

323. **ओजस्तेजोद्युतिकरः** = बल, शौर्य तथा कान्ति प्रदान करने वाला।
324. **नर्तकः** = सारे जगत् को नचाने वाला (सूत्रधार रूप)।
325. **सर्वकामकः** = जिसने समस्त लोकों की सृष्टि की कामना की।
326. **नृत्यप्रियः** = नर्तन या नाट्य जिसका प्रिय हो।
327. **नृत्यनृत्यः** = जिसके नृत्य से नाट्य कला की उत्पत्ति हुई।
328. **प्रकाशात्मा प्रतापनः** = जिसका देह प्रकाश युक्त हो और जो सूर्यरूप हो।

**बुद्धस्पष्टाक्षरो मन्त्रः सन्मानः सारसंप्लवः।**
**युगादिकृत् युगावर्तः गंभीरो वृषवाहनः।।45।।**

329. **बुद्धस्पष्टाक्षरः** = जिसकी कृपा से सनक आदि महर्षियों को स्वतः प्रकाश अक्षर ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त हुआ हो।
330. **मंत्रः** = गायत्री आदि मंत्रों के स्वरूप।
331. **सन्मानः** = सन्त लोगों का प्रमाण भूत।
332. **सारसंप्लवः** = अपार संसार सागर को पार करने के लिए नौका रूप।
333. **युगादिकृत् युगावर्तः** = युगों का कर्त्ता तथा कृत द्वापर आदि युगों को अपने–अपने समय पर संचालन करने वाला।
334. **गंभीरः** = जिसके तल को विष्णु जी देख नहीं सके।
335. **वृषवाहनः** = धर्म ही जिसका वाहन हो।

**इष्टो विशिष्टः शिष्टेष्टः शरभः शरभो धनुः।**
**अपां निधिः अधिष्ठानं विजयो जयकालवित्।।46।।**

336. **इष्टः** = आनन्द रूप होने से सर्वप्रिय।
337. **विशिष्टः शिष्टेष्टः** = सर्वश्रेष्ठ होने से विद्वान लोगों से पूज्य।
338. **शरभः** = शरभ नामक पक्षी का रूप धारण करने वाला। (उन्मत्त नरसिंहावतार का संहार करने के लिए शरभ पक्षी का रूप लिया)
339. **शरभः धनुः** = वाणयुक्त धनुष का रूप धारण करने वाला।

340. **अपां निधिः** = गङ्गा आदि नदियों के जलों का स्थान भूत।
341. **अधिष्ठानविजयः** = लिंग शरीर का नाश करने वाला।
342. **जयकालवित्** = जयकाल का ज्ञान जिससे प्राप्त हो।

**प्रतिष्ठितः प्रमाणज्ञः हिरण्यकवचो हरिः।**
**विरोचनः सुरगणः विद्येशो विबुधाश्रयः।।47।।**

343. **प्रतिष्ठितः** = जगत् की स्थिति जिससे संपन्न हो।
344. **प्रमाणज्ञः** = ब्रह्माण्ड आदि परिमाणों का ज्ञाता।
345. **हिरण्यकवचः** = हिरण्यगर्भ (ब्रह्मा) का रूप।
346. **हरिः** = स्मरण मात्र से पापों का हरण करने वाला।
347. **विरोचनः** = जो विशेष रूप से सब का प्रिय हो।
348. **सुरगणः** = देवता जिसके पार्षद हो।
349. **विद्येशः विबुधाश्रयः** = सर्व विद्याओं का अधिपति और इसलिए ज्ञानी पुरुषों का आश्रय।

**बालरूपो बलोन्माथी विवर्तो गहनो गुरुः।**
**करणं कारणं कर्ता सर्वबंधविमोचनः।।48।।**

350. **बालरूपः** = त्रिपुरासुर के संहार के समय देवी की गोद में पांच शिक्षा युक्त बालक के रूप में जो बैठा हो।
351. **बलोन्माथी** = जो असुरों के सैन्यों का नाश करता हो।
352. **विवर्तः** = जो जगत् रूप भ्रम को उत्पन्न करता हो।
353. **गहनः गुरूः** = जिसको अपने आप जानना कठिन हो और जो हितोपदेशक आचार्य के रूप में स्थित हो।

354. **करणम्** = जगत् की उत्पत्ति का कारणभूत मनोरूप।
355. **कारणम्** = निमित्तकारणभूत बुद्धिरूप।
356. **कर्ता** = सबका उत्पादक अहंकाररूप।
357. **सर्व बन्ध विमोचनः** = सब बन्धनों से मुक्त करने वाला परमात्मा।

**विद्वत्तमो वीतभयः विश्वभर्ता निशाकरः।**
**व्यवसायो व्यवस्थानः स्थानदो जगदादिजः।।49।।**

358. **विद्वत्तमः वीतभयः** = श्रेष्ठ विद्वान तथा भयरहित।
359. **विश्वभर्ता** = जगत् का पोषक।
360. **निशाकरः** = प्रलयरूप रात्रि की सृष्टि करने वाला।
361. **व्यवसायः** = विशेष रूप से तत्व निश्चय जिससे प्राप्त हो।
362. **व्यवस्थानः** = जिससे लौट आकर पुनः जन्म लेना न पड़ता हो।
363. **स्थानदः** = इन्द्रादि पद को प्रदान करने वाला।
364. **जगदादिजः** = जगत् के महान पुरुषों का कारण भूत।

**दुन्दुभो ललितो विश्वः भवात्मा आत्मनि संस्थितः।**
**वीरेश्वरो वीरभद्रः वीरहा वीरभृद्–विराट्।।50।।**

365. **दुन्दुभः** = राजारूप ("नराणां च नरेन्द्रोऽहम्" – भगवद्गीता)।
366. **ललितः** = सुन्दर रूपी।
367. **विश्वः** = जगत के रूप में स्थित।

368. **भवात्मात्मनि संस्थितः** = पंचभूत से बने हुए शरीरों के जीव में अन्तर्यामी रूप से जो स्थित हो।

369. **वीरेश्वरः वीरभद्रः** = शूरों का अधिप वीरभद्र। (शिवजी का गणनायक वीरभद्र है)।

370. **वीरहा** = शत्रु वीरों का नाशक।

371. **वीरभृद्–विराट्** = वीर पुरुषों का चक्रवर्ती।

**वीरचूडामणिर्वेत्ता तीव्रनादो नदीधरः।**
**आज्ञाधारः त्रिशूली च शिपिविष्टः शिवालयः।।51।।**

372. **वीरचूडामणिः** = वीरों के सिर का रत्न जैसे जो हो।

373. **वेत्ता** = सर्वज्ञ।

374. **तीव्रनादः** = जिसका नाद सबसे श्रेष्ठतम हो।

375. **नदीधरः** = समुन्दर के रूप में जो हो।

376. **आज्ञाधारः** = जिसकी आज्ञा की धारा अविच्छिन्न रूप से चलती हो।

377. **त्रिशूली** = त्रिशूल को धारण करने वाला।

378. **शिपिविष्टः** = किरणों में जो प्रविष्ट हो।

379. **शिवालयः** = पार्वती जी का आश्रय स्थान।

**वालखिल्यो महाचापः तिग्मांशु र्निधिरव्ययः।**
**अभिरामः सुशरणः सुब्रह्मण्यः सुधापतिः।।52।।**

380. **वालखिल्यः** = वालखिल्य नामक वेद विख्यात ऋषि का रूप।

381. **महाचापः** = जनक महाराज से पूजित धनुष जिसका हो।

382. **तिग्मांशुः** = सूर्य रूप।

383. **निधिः अव्ययः** = पद्म आदि धन निधि का रूप तथा नाश रहित।

384. **अभिरामः** = जिस पर योगी लोग रमण करते हों।

385. **सुशरणः** = सबके भयों का निवारक।

386. **सुब्रह्मण्यः** = तप, वेद, सत्य आदि का हितकारी।

387. **सुधापतिः** = अमृत का स्वामी।

**मघवान् कौशिको गोमान् विश्रामः सर्वशासनः।**
**ललाटाक्षो विश्वदेहः सारः संसारचक्रभृत्।।53।।**

388. **मघवान् कौशिकः** = इन्द्र जो ब्राह्मण पति के रूप में अहल्या के पास गया था।

389. **गोमान्** = ईश्वर के विश्वरूप को धारण करने वाली गाय।

390. **विश्रामः** = जिससे जन्म मरण का परिश्रम मिटता हो।

391. **सर्वशासनः** = जिसका अधिकार सब के ऊपर हो।

392. **ललाटाक्षः** = ललाट में जिसकी आँख हो।

393. **विश्वदेहः** = सारा जगत् जिसका शरीर हो।

394. **सारः** = प्रलय में भी नाश न होने से मुख्य स्थिर रूप।

395. **संसारचक्रभृत्** = अखिल प्रपञ्च का पोषक।

**अमोघदण्डी मध्यस्थः हिरण्यो ब्रह्मवर्चसी।**
**परमार्थः परमयः शंबरो व्याघ्रकोनलः।।54।।**

396. **अमोघदण्डी** = जिसका दण्ड व्यर्थ न होता हो।

397. **मध्यस्थः** = सब से समत्वभाव बरतने के कारण उदासीन।
398. **हिरण्यः** = स्वर्णरूप।
399. **ब्रह्मवर्चसी** = तपस्या के कारण कान्तियुक्त।
400. **परमार्थः** = मोक्षरूप परम पुरुषार्थ जिससे मिलता हो।
401. **परमयः** = आत्यंतिक मुख रूप।
402. **शम्बरः** = जो मग्ल वर देता हो या जलरूप (शभ् = पानी)।
403. **व्याघ्रकः** = व्याघ्र नामक असुर का नाशक।
404. **अनलः** = अग्नि का रूप।

**रुचिर्वररुचिर्वन्द्यो वाचस्पतिः अहर्पतिः।**
**रविर्विरोचनः स्कन्धः शास्ता वैवस्वतोऽजनः।।55।।**

405. **रुचिः** = ज्योतिरूप।
406. **वर रुचिः** = श्रेष्ठ कान्ति जिसकी हो।
407. **वन्द्यः** = सब से स्तुति करने योग्य।
408. **वाचस्पतिः** = सकल विद्याओं का ईश।
409. **अहर्पतिः** = दिन का नायक।
410. **रविः विरोचनः** = सूर्य रूप होकर ब्रह्माण्ड का प्रकाशक।
411. **स्कन्धः** = समूह रूप।
412. **शास्ता वैवस्वतः** = सबका शासक तथा यम रूप।
413. **अजनः** = जिसकी उत्पत्ति न हो।

**युक्तिः उन्नतकीर्तिश्च शांतरागः पराजयः।**
**कैलासपतिकामारिः सविता रविलोचनः।।56।।**

414. **युक्तिः** = समाधि रूपं

415. **उन्नत कीर्तिः** = जिससे अति श्रेष्ठ कीर्ति मिलती हो।

416. **शान्तरागः** = योगियों का जिन्होंने सारी कामनाओं का त्याग किया है प्रीति पात्र।

417. **पराजयः** = सबको परास्त करने वाला।

418. **कैलासपति कामारिः** = कैलास पर्वत का नायक तथा मदनाशक।

419. **सविता** = जगत् की उत्पत्ति का कारण।

420. **रविलोचनः** = सूर्य जिसका नेत्र हो।

**विद्वत्तमो वीतभयः विश्वहर्तानिवारितः।**
**नित्यः नियतकल्याणः पुण्यश्रवण कीर्तनः।।57।।**

421. **विद्वत्तमः** = विद्वान् लोग जिसकी प्रतीक्षा में हो।

422. **वीतभयः** = जिसका भय सब जगह पर व्याप्त हो।

423. **विश्वहर्ता अनिवारितः** = जगत का संहारकर्त्ता तथा जिसको अपने कार्य से कोई रोक न सके।

424. **नित्यः** = अव्यय।

425. **नियतकल्याणः** = अखण्ड मंगल जिससे प्राप्त हो।

426. **पुण्यश्रवणकीर्तनः** = जिसका श्रवण तथा कीर्तन करने से पुण्य मिलता हो।

**दूरश्रवाः विश्वसहः ध्येयो दुःस्वप्ननाशनः।**
**उत्तारको दुष्कृतिहा दुर्धर्षो दुःसहोऽभयः।।58।।**

427. **दूरश्रवाः** = जिससे दूर देशों की बात का भी श्रवण हो।

428. **विश्वसहः** = जो जगत् का सहन करता है।

429. **ध्येयः** = ध्यान करने योग्य।
430. **दुःस्वप्ननाशनः** = बुरे सपनों को निष्फल करके नाश करने वाला।
431. **उत्तारकः** = भक्तों को पार कराने वाला।
432. **दुष्कृतिहा** = पापी जनों का संहार कर्त्ता।
433. **दुर्धषः** = जिसके ऊपर कोई आक्रमण न कर सके।
434. **दुःसहः** = जो असुर लोगों से सहन किया जा न सके।
435. **अभयः** = जिससे कोई भय न हो।

**अनादिर्भूर्भुवो लक्ष्मीः किरीटित्रिदशाधिपः।**
**विश्वगोप्ता विश्वभर्ता सुधीरो रुचिराङ्गदः।।59।।**

436. **अनादिः** = जिसका कोई कारण या जन्म न हो।
437. **भूः** = पृथ्वीरूप।
438. **भुवो लक्ष्मीः** = भूमि की शोभा रूप।
439. **किरीटित्रिदशाधिपः** = मुख्य देवों का स्वामी।
440. **विश्वगोप्ता** = जगत् का रक्षक।
441. **विश्वभर्ता** = जगत् का पोषक।
442. **सुधीरः** = निर्भय।
443. **रूचिराङ्गदः** = सुन्दर बाहुभूषण जिसका हों।

**जननो जनजन्मादिः प्रीतिमान् नीतिमान् नयः।**
**विशिष्टः काश्यपो भानुः भीमो भीमपराक्रमः।।60।।**

444. **जननः** = जगत् का सृष्टि कर्त्ता।
445. **जनजन्मादिः** = लोगों का जन्म, स्थिति आदि जिससे हों।

446. **प्रीतिमान्** = नित्य प्रेम युक्त।
447. **नीतिमान्** = नित्य नीति युक्त।
448. **नयः** = न्याय रूप।
449. **विशिष्टः** = प्रलय काल में भी जो अविनाशी रहे।
450. **काश्यपः** = कश्यप का पुत्र।
451. **भानुः** = सूर्यरूप।
452. **भीमपराक्रमः** = भयङ्कर तथा पराक्रम जिससे मिलता हो।

**प्रणवः सप्तधाचारः महाकायो महाधनुः।**
**जन्माधिपो महादेवः सकलागमपारगः।।61।।**

454. **प्रणवः** = ओंकार रूप।
455. **सप्तधाचारः** = जिसमें वायु सप्त प्रकार से चलन करता हो।
456. **महाकायः महाधनुः** = जिसका शरीर तथा धनुष अपरिमित हो।
457. **जन्माधिपः** = उत्पत्ति का अधिप।
458. **महादेवः** = जिसकी कृपा से देवता लोग पूज्य बने हैं।
459. **सकलागमपारगः** = सर्व वेदों में पारंगत (विद्वान्)।

**तत्त्वातत्त्वविवेकात्मा विभूष्णुः भूतिभूषणः।**
**ऋषिः ब्राह्मणवित् जिष्णुः जन्ममृत्युजरातिगः।।62।।**

460. तत्त्वातत्त्वविवेकात्माः = तत्त्वातत्त्व के विवेक का ज्ञान ही जिसका स्वरूप हो।

461. **विभूष्णुः** = जो सर्वत्र व्याप्त हो।
462. **भूतिभूषणः** = अणिमा आदि ऐश्वर्य जिसका भूषण हो।
463. **ऋषिः** = बिना इन्द्रियों के दर्शन करने वाला।
464. **ब्राह्मणवित् जिष्णुः** = ब्राह्मणों का ज्ञान जिससे विजयी बनता हो।
465. **जन्ममृत्युजरातिगः** = जिसने जन्म मरण तथा वृद्धावस्था का पार किया हो।

**यज्ञो यज्ञपतिर्यज्वा यज्ञान्तोमोघविक्रमः।**
**महेन्द्रः दुर्भरः सेनी यज्ञाङ्गो यज्ञवाहनः।।63।।**

466. **यज्ञः यज्ञपतिः** = जो यज्ञ रूप तथा यज्ञ का स्वामी हो।
467. **यज्वा** = यज्ञों का यजमान रूप।
468. **यज्ञान्तः** = यज्ञ की समाप्ति जिससे हो।
469. **अमोघविक्रमः** = जिसका पराक्रम निष्फल न होता हो।
470. **महेन्द्रः** = परमेश्वर।
471. **दुर्भरः** = बड़े परिश्रम से भी चित्त में जिसका धारण करना कठिन हो।
472. **सेनी** = प्रमथगण आदि सैन्य युक्त।
473. **यज्ञाङ्गोः यज्ञवाहनः** = यज्ञ जिसका शरीर हो तथा यज्ञ के द्वारा जो प्राप्त होता हो।

**पञ्चब्रह्मसमुत्पत्तिः विश्वेशो विमलोदयः।**
**आत्मयोनिः अनाद्यन्तः षड्विंशत्सप्तलोकधृक्।।64।।**

474. **पञ्च ब्रह्म समुत्पत्तिः** = सद्योजात आदि पांच ब्रह्म का उत्पत्ति कारण।

475. **विश्वेशः** = जगत् का ईश्वर।

476. **विमलोदयः** = जिससे निष्कलङ्क उदय हो।

477. **आत्मयोनिः** = अपने आप ही जिसका कारण हो अर्थात् निष्कारण।

478. **अनाद्यन्तः** = जिसका आदि या अन्त न हो।

479. **षड्विंशत् सप्तलोकधृक्** = जो छब्बीस (साँख्यमत के अनुसार) तत्वों को तथा सात लोकों का धारण करने वाला हो।

**गायत्रीवल्लभः प्रांशुः विश्वावासः प्रभाकरः।**
**शिशुः गिरिरतः सम्राट् सुषेणः सुरशत्रुहा।।65।।**

480. **गायत्रीवल्लभः** = गायत्री का प्रिय।

481. **प्रांशुः** = जिसके सुषम्ना आदि श्रेष्ठ किरण हों।

482. **विश्वावासः** = जो समस्त विश्व में व्याप्त हो।

483. **प्रभाकरः** = विशेष रूप से प्रकाश प्रदान करने वाला।

484. **शिशुः** = जो पार्वती के स्वयंवर के समय बालरूप।

485. **गिरिरतः** = मंदर आदि पर्वतों पर प्रीतियुक्त।

486. **सम्राट् सुषेणः** = जिससे राजा लोग श्रेष्ठ सेनायुक्त बनते हों।

487. **सुरशत्रुहा** = देवताओं के शत्रुओं का नाशक।

**अमोघः अरिष्टमथनः मुकुन्दो विगतज्वरः।**
**स्वयं ज्योतिः अनुज्योतिः आत्मज्योतिरचञ्चलः।।66।।**

488. **अमोघः** = जिसका संकल्प सत्य हो।

489. **अरिष्टमथनः** = जो भक्तों के संकटों को दूर करता हो।

490. **मुकुन्दः** = मुक्ति का प्रदान करने वाला।

491. **विगतज्वरः** = संसार ताप जिससे नष्ट हो जाता हो।

492. **स्वयं ज्योतिः** = अपने आप से ही प्रकाशक।

493. **अनुज्योतिः** = नक्षत्रों को प्रकाश प्रदान करने वाला।

494. **आत्मज्योतिः** = जिसका देह चैतन्यरूप हो।

495. **अचंचलः** = कूटस्थ।

**पिङ्गलः कपिलश्मश्रुः शास्त्रनेत्रस्त्रयीतनुः।**
**ज्ञानस्कन्धः महाज्ञानी निरुत्पत्तिरुपप्लवः।।67।।**

496. **पिङ्गलः** = कपिल वर्ण का।

497. **कपिलश्मश्रुः** = जिसकी मूंछ और दाढ़ी कपिल वर्ण की हों

498. **शास्त्र नेत्रस्त्रयीतनुः** = मीमांसा आदि शास्त्र जिसका नेत्र हो तथा वेद जिसका शरीर हो।

499. **ज्ञानस्कंधः** = ज्ञान का समूह रूप।

500. **महाज्ञानी** = जिसका ज्ञान अपरिच्छिन्न हो।

501. **निरुत्पत्तिः** = जिसका जन्म न हुआ हो।

502. **उपप्लवः** = राहु ग्रह का रूप।

**भगो विवस्वानादित्यः योगाचार्यो बृहस्पतिः।**
**उदारकीर्तिः उद्योगी सद्‌योगी सदसन्मयः।।68।।**

503. **भगः** = छः गुणरूपी ऐश्वर्य सहित।

504. **विवस्वान् आदित्यः** = अदिति का पुत्र रूप सूर्य।
505. **योगाचार्यः** = शुक्र रूप।
506. **बृहस्पतिः** = देवों का गुरू बृहस्पति रूप।
507. **उदार कीर्तिः** = सर्वार्थप्रद कीर्ति जिसकी हो।
508. **उद्योगी** = सर्वश्रेष्ठ योग जिसका हो।
509. **सद्योगी** = ब्रह्म में भक्तों को जो लीन करता हो।
510. **सद्सन्मयः** = जो ब्रह्म के रूप में तथा मायारूपी जगत् के रूप में भी स्थित हो।

**नक्षत्रमाली राकेशः साधिष्ठानः षडाश्रयः।**
**पवित्रपाणिः पापारिः मणिपूरो मनोगतिः।।69।।**

511. **नक्षत्रमाली राकेशः** = नक्षत्रों से सुशोभित चन्द्र रूप।
512. **साधिष्ठानः** = प्रकृति सहित।
513. **षडाश्रयः** = काम क्रोध आदियों का आश्रय।
514. **पवित्रपाणिः** = जिसके हाथ पवित्र हों।
515. **पापारिः** = पापों का नाशक।
516. **मणिपूरः** = जिससे अमूल्य मणियों का प्रवाह होता हो।
517. **मनोगतिः** = केवल मन से ही ग्रहण करने योग्य।

**हृत्पुण्डरीकमासीनः शुक्लः शान्तः वृषाकपिः।**
**विष्णुः ग्रहपतिः कृष्णः समर्थः अनर्थनाशनः।।70।।**

518. **हृत्पुण्डरीकमासीनः** = हृदय कमल में स्थित।
519. **शुक्लः** = श्वेत वर्ण का।
520. **शान्तः वृषाकपिः** = शान्त होकर अविचलित धर्मयुक्त।
521. **विष्णुः** = जगत् में व्याप्त।

522. **ग्रहपतिः** = नव ग्रहों का स्वामी।
523. **कृष्णः** = कृष्णावतार रूप।
524. **समर्थः** = जिससे सारे अर्थ (इच्छित वस्तु) पूर्ण हो जाते हैं।
525. **अनर्थनाशनः** = जिसकी कृपा से किसी से कुछ मांगना न पड़े।

**अधर्मशत्रुः अक्षय्यः पुरुहूतः पुरुष्टुतः।**
**ब्रह्मगर्भः बृहद्‌गर्भः धर्मधेनुः धनागमः।।71।।**

526. **अधर्मशत्रुः** = अधर्म का नाशक।
527. **अक्षय्यः** = क्षय रहित।
528. **पुरुहूतः पुरुष्टुतः** = यज्ञों में आमंत्रित इन्द्र का रूप।
529. **ब्रह्मगर्भः** = जिससे ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई हो।
530. **बृहद्‌गर्भः** = समस्त ब्रह्माण्ड का उत्पत्ति स्थान।
531. **धर्मधेनुः** = जिससे धर्म नवप्रसूत गाय के जैसे हितप्रद बनता हो।
532. **धनागमः** = जिससे यथेष्ट धन मिलता हो।

**जगद्धितैषिसुगतः कुमारः कुशलागमः।**
**हिरण्यवर्णो ज्योतिष्मान् नानाभूतधरो ध्वनिः।।72।।**

533. **जगत्–हितैषि–सुगतः** = जिसको जगत् के हितकारी योगी लोग सुलभता से प्राप्त करते हों।
534. **कुमारः** = जो जगत् के रूप में क्रीडा करता हो।
535. **कुशलागमः** = जिससे सब कल्याण या मग्ल प्राप्त हो।
536. **हिरण्यवर्णः** = जिसका रंग सोने जैसा हो।

537. **ज्योतिष्मान्** = नित्य कान्तियुक्त।
538. **नानाभूतधरः** = अनन्त जीवों का आधार।
539. **ध्वनिः** = अनाहत शब्द रूप।

**अरोगो नियमाध्यक्षः विश्वामित्रो द्विजोत्तमः।**
**बृहद्ज्योतिः सुधामा च महाज्योतिः अनुत्तमः।।73।।**

540. **अरोगः** = जिससे रोगों से मुक्त हो जाते हों।
541. **नियमाध्यक्षः** = नियमों का प्रभु।
542. **विश्वामित्रः द्विजोत्तमः** = ब्राह्मण श्रेष्ठ विश्वामित्र रूप।
543. **बृहद्ज्योतिः** = जिससे सूर्यरूप ज्योति मिली हो।
544. **सुधामा** = उत्तम कांतियुक्त।
545. **महाज्योतिः** = अपरिच्छिन्न तेजोरूप।
546. **अनुत्तमः** = सबसे श्रेष्ठ।

**मातामहो मातरिश्वा नभस्वान् नागहारधृक्।**
**पुलस्त्यः पुलहोऽगस्त्यः जातूकर्ण्यः पराशरः।।74।।**

547. **मातामहः** = जगज्जननी महामाया का जनक (पिता)।
548. **मातरिश्वा** = वायु रूप।
549. **नभस्वान्** = जिसमें अंतरिक्ष प्रतिष्ठित हो।
550. **नागहारधृक्** = सर्पों को हारों के रूप में जो पहनता हो।
551. **पुलस्त्यः** = पुलस्त्य नाम का ऋषि रूप।
552. **पुलहः** = पुलह नाम का ऋषिरूप।
553. **अगस्त्यः** = अगस्त्य मुनि रूप।
554. **जातूकर्ण्यः** = जातूकर्ण्य नामक ऋषि रूप।

555. **पराशरः** = पराशर ऋषि रूप।

**निरावरणधर्मज्ञः विरिञ्चो विष्टरश्रवाः।**
**आत्मभूः अनिरुद्धोत्रिज्ञानमूर्तिः महायशाः।।75।।**

556. **निरावरणधर्मज्ञः** = मोक्ष धर्म का ज्ञाता।
557. **विरिञ्चः** = ब्रह्मा रूप।
558. **विष्टरश्रवाः** = अश्वत्थ रूपी विष्णु।
559. **आत्मभूः** = प्रद्युम्न का रूप (श्री कृष्ण का पुत्र)।
560. **अनिरुद्धः** = अनिरुद्ध का रूप (श्रीकृष्ण का पौत्र)।
561. **अत्रिज्ञानमूर्तिः** = ज्ञान रूपी अत्रि महर्षि का रूप।
562. **महायशाः** = जिसकी कीर्ति पूज्य हो।

**लोकचूडामणिः वीरः चण्डसत्यपराक्रमः।**
**व्यालकल्पो महाकल्पः महावृक्षः कलाधरः।।76।।**

563. **लोकचूडामणिः** = समस्त लोकों के शिरोरत्न जैसा।
564. **वीरः** = जिसकी पराजय कभी न हुई हो।
565. **चण्डसत्यपराक्रमः** = चंड नामक गणों को पराक्रम प्रदान करने वाला।
566. **व्यालकल्पः** = वासुकि नामक सर्प राजा का रूप।
567. **महाकल्पः** = पूज्य न्याय जिससे मिलता हो।
568. महावृक्षः = संसार रूपी वृक्ष जिससे उत्पन्न हुआ हो।
569. **कलाधरः** = चंद्रकला को धारण करने वाला।

**अलङ्करिष्णुः त्वचलः रोचिष्णुः विक्रमोत्तमः।**
**आशुशब्दपतिः वेगी प्लवनः शिखिसारथिः।।77।।**

570. **अलङ्करिष्णुः** = भक्तों को सब पर्याप्त मात्रा में प्रदान करता हो।
571. **अचलः** = हिमालय रूप।
572. **रोचिष्णुः** = खूब प्रकाशक।
573. **विक्रमोत्तमः** = जिसका उत्तम पराक्रम हो।
574. **आशुशब्दपतिः** = जो भक्तों को जल्दी से वाणी में निपुण बनाता हो।
575. **वेगी** = भक्तों के कार्यसाधन में वेग युक्त।
576. **प्लवनः** = संसार सागर से पार कराने वाला।
577. **शिखिसारथिः** = वायुरूप (वायु अग्नि का सहायक होने से अग्नि का सारथि माना जाता है)।

**असंसृष्टः अतिथिः शक्रः प्रमाथी पापनाशनः।**
**वसुश्रवाः कव्यवाहः प्रतप्तो विश्वभोजनः।।78।।**

578. **असंसृष्टः** = माया से निर्लिप्त।
579. **अतिथिः** = अतिथि रूप।
580. **शक्रः प्रमाथी** = असुर सैन्यों को व्याकुल करने वाला इन्द्र रूप।
581. **पापनाशनः** = पापों का नाशक।
582. **वसुश्रवाः** = जिसका श्रवण मधुर हो।
583. **कव्यवाहः** = अग्नि रूप।
584. **प्रतप्तः** = जिसकी तपस्या परम श्रेष्ठ हो।
585. **विश्वभोजनः** = सारा विश्व जिसका भोजन हो।

**जर्यो जराधिशमनः लोहितश्च तनूनपात्।**
**पृषदश्वः नभोयोनिः सुप्रतीकः तमिस्रहा।।79।।**

586. **जर्यः** = अन्न रूप।
587. **जराधिशमनः** = वृद्धावस्था तथा मानसिक पीड़ाओं का नाशक।
588. **लोहितः** = जिसका रंग लाल हो।
589. **तनूनपात्** = भक्तों को अपना शरीर तक प्रदान करने वाला (सारूप्य मुक्ति दायक)।
590. **पृषदश्वः** = जलकणों का वाहक यानी वायुरूप।
591. **नभः** = अन्तरिक्ष रूप।
592. **योनिः** = जगत् के रूप में जो स्थित हो।
593. **सुप्रतीकः** = जिसके अवयव सुन्दर हों।
594. **तमिस्रहा** = अज्ञान का नाशक।

**निदाघस्तपनो मेघः पक्षः परपुरञ्जयः।**
**मुखानिलः सुनिष्पन्नः सुरभिः शिशिरात्मकः।।80।।**

595. **निदाघः तपनः** = ग्रीष्म ऋतु रूप।
596. **मेघः पक्षः** = पर्वतों के पार्श्व में होने वाले बादलों के रूप।
597. **परपुरञ्जयः** = भक्तों के शत्रुओं के पुरों को जीतने वाला।
598. **मुखानिलः** = सब के मुँह में प्राणवायु के रूप में संचार करने वाला।
599. **सुनिष्पन्नः** = सब मङ्गल का उत्पत्ति कारण।
600. **सुरभिः** = सब का आह्लदक (सन्तोषदायक)।
601. **शिशिरात्मकः** = शिशिर ऋतु के स्वरूप।

**वसंतो माधवो ग्रीष्मः नभस्यः बीजवाहनः।**
**अङ्गिरा मुनिरात्रेयः विमलो विश्ववाहनः।।81।।**

602. **वसंतो माधवः** = मकरन्द सहित वसन्त ऋतु का स्वरूप।
603. **ग्रीष्मः** = ग्रीष्म ऋतु का स्वरूप।
604. **नभस्यः** = वर्षा ऋतु का स्वरूप।
605. **बीजवाहनः** = शरद् या हेमन्त ऋतु का स्वरूप।
606. **अङ्गिराः** = अङ्गिरा नामक मुनि का स्वरूप।
607. **मुनिः आत्रेयः** = अत्रि ऋषि का पुत्र रूप।
608. **विमलः** = परिशुद्ध।
609. **विश्ववाहनः** = सारे जगत् का पालन पोषण करने वाला।

**पावनः पुरुजित् शक्रः त्रिविद्यो नरवाहनः।**
**मनोबुद्धिरहंकारः क्षेत्रज्ञः क्षेत्रपालकः।।82।।**

610. **पावनः** = सब पापों का नाशक।
611. **पुरुजित्** = अनेक लोगों को जीतने वाला।
612. **शक्रः** = सर्वशक्ति से समन्वित।
613. **त्रिविद्यः** = जिसकी त्रिगुण सहित प्रकृति हो।
614. **नरवाहनः** = कुबेर स्वरूप (कुबेर धन का देवता है)।
615. **मनोबुद्धिः** = मन से संयुक्त बुद्धि स्वरूप।
616. **अहंकारः** = "मैं, मैं" इस तरह प्रत्यय कराने वाला।
617. **क्षेत्रज्ञः** = जीव स्वरूप।
618. **क्षेत्रपालकः** = सिद्ध स्थानों का पालक।

**तेजोनिधिः ज्ञाननिधिः विपाको विघ्नकारकः।**
**अधरः अनुत्तरः ज्ञेयः ज्येष्ठो निःश्रेयसालयः।।83।।**

619. **तेजोनिधिः** = परम कान्ति का निधि।
620. **ज्ञाननिधिः** = ज्ञानों का स्थान भूत।
621. **विपाकः** = सबके कर्मों का फलदायक।
622. **विघ्नकारकः** = गणेश जी के रूप से असुरों के सत्कर्मों पर बाधा डालने वाला।
623. **अधरः** = सब का आधार।
624. **अनुत्तरः** = सबके ऊपर स्थित।
625. **ज्ञेयः** = जानने का योग्य।
626. **ज्येष्ठः** = उमर में सब से ज्येष्ठ।
627. **निःश्रेयसालयः** = मोक्ष का स्थान भूत।

**शैलो नगस्तनुः दोहः दानवारिः अरिंदमः।**
**चारुधीर्जनकः चारु विशल्यो लोकशल्यकृत्।।84।।**

628. **शैलः** = नर्मदादि लिग रूप।
629. **नगः** = श्री शैल आदि पर्वत रूप (बारह ज्योर्तिलिङ्ग में एक का स्थान)।
630. **तनुः** = बहुत सूक्ष्म रूप (इसलिए योगियों को भी अदृश्य)।
631. **दोहः** = सब कुछ प्रदान करने योग्य।
632. **दानवारिः** = असुरों का नाशक।
633. **अरिन्दमः** = भक्तों के शत्रुओं का दमन करने वाला।
634. **चारुधीः जनकः** = विदेह राजा जनक का स्वरूप जिसकी बुद्धि सूक्ष्म हो।

635. **चारु विशल्यः** = सूक्ष्म बुद्धि वाले योगी लोग जिससे दुःख रहित किये गये हो।

636. **लोकशल्यकृत्** = जगत को द्वैतभाव से देखने वालों को दुःख देने वाला।

**चतुर्वेदः चतुर्भावः चतुरः चतुरप्रियः।**
**आम्नायोऽथ समाम्नायः तीर्थदेवशिवालयः।।85।।**

637. **चतुर्वेदः** = चार वेद जिससे उत्पन्न हों।

638. **चतुर्भावः** = धर्मार्थ काम मोक्षों की उत्पत्ति जिससे हो।

639. **चतुरः चतुरप्रियः** = स्वयं कुशल होते हुए कुशल भक्तों पर प्रीति करने वाला।

640. **आम्नायः** = वेद रूप।

641. **समाम्नायः** = वेद का भी प्रमाण भूत।

642. **तीर्थदेव शिवालयः** = पुण्य तीर्थों में रमण करने वाले देवों का कल्याणकारी स्थान।

**बहुरूपः महारूपः सर्वरूपः चराचरः।**
**न्यायनिर्वाहको न्यायः न्यायगम्यः निरंजनः।।86।।**

643. **बहुरूपः** = जिसके असंख्य रूप हो।

644. **महारूपः** = जिसका रूप परम पूज्य हो।

645. **सर्वरूपः** = समस्त रूप जिसका हो।

646. **चराचरः** = अस्थिर रूप लक्ष्मी जिसमें अचल रूप से स्थित हो।

647. **न्यायनिर्वाहकः** = सत्पक्ष का समर्थक।

648. **न्यायः** = नीति स्वरूप।

649. **न्यायगम्यः** = नीति से ही जिसका ज्ञान प्राप्त हो।
650. **निरंजनः** = जो माया के अंधकार से न ढका हो।

**सहस्रमूर्धा देवेन्द्रः सर्वशस्त्रप्रभञ्जनः।**
**मुण्डो विरूपो विकृतः दण्डी दान्तो गुणोत्तमः।।87।।**

651. **सहस्रमूर्धा** = जिसके सिर असंख्य हों (सब प्राणियों के रूप में होने से)।
652. **देवेन्द्रः** = देवों का परमेश्वर।
653. **सर्वशस्त्रप्रभंजनः** = जो सब आयुधों का नाशक हों
654. **मुण्डः** = जिसका सिर मुण्डित हो।
655. **विरूपः** = जिसका सर्वश्रेष्ठ रूप हो।
656. **विकृतः** = जिसका सारा कर्म विलक्षण हो।
657. **दण्डी** = काल दण्ड जिसका हो।
658. **दान्तः** = जिसने इन्द्रियों पर विजय पा लिया हो।
659. **गुणोत्तमः** = जिसकी कृपा से उत्तम गुण मिलता हो।

**पिग्लाक्षोऽथ हर्यक्षः नीलग्रीवो निरामयः।**
**सहस्रबाहुः सर्वेशः शरण्यः सर्वलोकभृत्।।88।।**

660. **पिग्लाक्षः** = जिसकी आँख पिग्ल वर्ण की हो।
661. **हर्यक्षः** = श्री विष्णु के नेत्र जिसमें समर्पित हुए।
662. **नीलग्रीवः** = जिसका कण्ठ नीलवर्ण का हो।
663. **निरामयः** = जिसकी कृपा से सब रोग दूर हो जाते हों।
664. **सहस्रबाहुः सर्वेशः** = असंख्य भुजाएं जिसकी हों तथा समस्त जीवों का अधिपति।
665. **शरण्यः** = शरण जाने योग्य।

666. **सर्वलोकभृत्** = सब लोकों का पोषण करने वाला।

**पद्मासनः परंज्योतिः परावरपरंफलः।**
**पद्मगर्भो महागर्भः विश्वगर्भो विचक्षणः।।89।।**

667. **पद्मासनः** = हृदय कमल में स्थित।
668. **परंज्योतिः** = जिसकी ज्योति परम उत्कृष्ट हो।
669. **परावरपरंफलः** = इस लोक का भोग सुख तथा मोक्ष दोनों जिससे प्राप्त हो।
670. **पद्मगर्भः** = सारे भुवन कोश जिससे उत्पन्न हों।
671. **महागर्भः** = पूज्य विराट रूप जिसका हो।
672. **विश्वगर्भः** = सारे जगत् का उत्पत्ति स्थान।
673. **विचक्षणः** = जिसका कार्य विलक्षण हो जैसे गूंगे को वाचाल करना (मूकं करोति वाचालं)

**परावरज्ञो बीजेशः सुमुखः सुमहास्वनः।**
**देवासुरगुरुः देवः देवासुरनमस्कृतः।।90।।**

674. **परावरज्ञः** = जो वर्तमान तथा भविष्य को जानता हो।
675. **बीजेशः** = संसार के कारणभूत अहंकार का स्वामी।
676. **सुमुखः सुमहास्वन** = जो गजानन का रूप हो और जिसकी वाणी परम मङ्गलमय हो।
677. **देवासुरगुरुः देवः** = इन्द्रादि देवों का तथा असुरों का भी उपदेशक तथा उनसे क्रीडा करने वाला।
678. **देवासुरनमस्कृतः** = देव तथा असुरों से वन्दित।

**देवासुरमहामात्रः देवासुरमहाश्रयः।**
**देवादिदेवो देवर्षिदेवासुरवरप्रदः।।91।।**

679. **देवासुरमहामात्रः** = देवासुरों के रूप में मत्तगज जैसे गर्वित लोगों का नियन्ता।
680. **देवासुर महाश्रयः** = देव तथा असुरों के शरण जाने का महान स्थान।
681. **देवादिदेवः** = देवताओं के कारणभूत ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वरों का भी उत्पत्ति स्थान।
682. **देवर्षिदेवासुरवरप्रदः** = देवर्षि लोग, देवताओं तथा असुरों को इष्ट वरों को प्रदान करने वाला।

**देवासुरेश्वरो दिव्यः देवासुरमहेश्वरः।**
**सर्वदेवमयोऽचिन्त्यः देवतात्मात्मसंभवः।।92।।**

683. **देवासुरेश्वरः** = जिसकी कृपा से देव तथा असुर, ईश्वर (नेता) बने हों।
684. **दिव्यः** = निर्विकार।
685. **देवासुर महेश्वरः** = देव तथा असुरों का पूज्य स्वामी।
686. **सर्वदेवमयः** = सारे देवता जिसके शरीर के अग हों।
687. **अचिन्त्यः** = विष्णु (अः) से भी सदा चिन्तित।
688. **देवतात्मा** = देवता लोग जिसके स्वरूप हो।
689. **आत्मसंभवः** = जीवों की उत्पत्ति जिससे सम्पन्न हों।

**ईड्योऽनीशः सुरव्याघ्रः देवसिंहः दिवाकरः।**
**विबुधाग्रवरश्रेष्ठः सर्वदेवोत्तमोत्तमः।।93।।**

690. **ईड्यः** = सबके स्तुति करने योग्य।
691. **अनीशः** = जिसका कोई मालिक न हो।
692. **सुरव्याघ्रः** = देवों में श्रेष्ठ।
693. **देवसिंहः** = देवों में सिंह जैसा।
694. **दिवाकरः** = सूर्यरूप।
695. **विबुधाग्रवरश्रेष्ठः** = देवताओं में श्रेष्ठ, प्रजापतियों से भी श्रेष्ठतर।
696. **सर्वदेवोत्तमोत्तमः** = ब्रह्मादि देवश्रेष्ठों में उत्तम।

**शिवज्ञानरतः श्रीमान् शिखिश्रीपर्वतप्रियः।**
**जयस्तंभो विशिष्टम्भः नरसिंहनिपातनः।।94।।**

697. **शिवज्ञानरतः** = जिसकी कृपा से योगी लोग शिव रूपी ज्ञान में संलग्न होते हों।
698. **श्रीमान्** = धर्मार्थ आदि त्रिवर्ग की सम्पत्ति युक्त।
699. **शिखिश्रीपर्वतप्रियः** = स्कन्द कुमार की वजह से श्री शैल पर्वत जिसका प्रीति पात्र हो। (जब कार्तिकेय जी कुपित होकर श्री शैल पर चले गये तो शिवजी पार्वती सहित स्वयं श्री शैल पर जाकर ज्योतिर्लिङ्ग के रूप में रहने लगे)।
700. **जयस्तंभः** = जय का आधारभूत।
701. **विशिष्टम्भः** = सर्वश्रेष्ठ गङ्गा जी का जल जिसमें हो।
702. **नरसिंहनिपातनः** = नरसिंह के अवतार का नाशक (जब नरसिंह के अवतार में दृप्त होकर सब लोकों को पीड़ा देते हुए अपने धाम लौट जाने से इन्कार कर दिया, तो शिवजी ने एक शरभ पक्षी के रूप में जाकर उसके सिर को उठा लिया)।

**ब्रह्मचारी लोकचारी धर्मचारी धनाधिपः।**
**नन्दी नन्दीश्वरः नग्नः नग्नव्रतधरः शुचिः।।95।।**

703. **ब्रह्मचारी** = जो ब्रह्म चिन्तन में ही लगे हों।
704. **लोकचारी** = जो भूलोक, भुवलोक आदि समस्त लोकों में विचरण करता हो।
705. **धर्मचारी** = धर्म का आचरण करने वाला।
706. **धनाधिपः** = सर्व धनों का स्वामी।
707. **नंदी** = शैलादि रूप।
708. **नंदीश्वरः** = नंदी का स्वामी।
709. **नग्नः** = अवधूत रूप।
710. **नग्नव्रतधरः** = जिसके लिए योगी लोग अवधूत के व्रत का पालन करते हों।
711. **शुचिः** = किसी से भी अनिवारित अर्थात् स्वतन्त्र।

**लिङ्गाध्यक्षः सुराध्यक्षः युगाध्यक्षः युगावहः।**
**स्ववशः सवशः स्वर्गस्वरः स्वरमयस्वनः।।96।।**

712. **लिङ्गाध्यक्षः** = बाणादि लिङ्गों में जो प्रत्यक्ष हो।
713. **सुराध्यक्षः** = देवों का प्रभु।
714. **युगाध्यक्षः** = कृत, द्वापर आदि युगों का प्रभु।
715. **युगावहः** = कृत द्वापर आदि युगों को अपने–अपने समय पर प्रवर्तित करने वाला।
716. **स्ववशः** = जो स्वतन्त्र हो।
717. **सवशः** = जिसने इन्द्रियों का निग्रह किया है।
718. **स्वर्गस्वरः** = स्वर्ग लोक में श्वास का वायु रूप।

719. **स्वरमयस्वनः** = षड्ज, गांधार आदि सप्तस्वर जिससे निकले हों।

**बीजाध्यक्षो बीजकर्ता धनकृत् धर्मवर्धनः।**
**दम्भोऽदम्भो महादम्भः सर्वभूतमहेश्वरः।।97।।**

720. **बीजाध्यक्षः** = शुक्र (वीर्य) का प्रभु।
721. **बीजकर्ता** = शुक्र (वीर्य) की उत्पत्ति का कारण।
722. **धनकृत् धर्मवर्धनः** = धन तथा धर्म की वृद्धि करने वाला।
723. **दम्भः** = भक्तों की परीक्षा के लिए कपट रूप।
724. **अदम्भः** = कपट रहित।
725. **महादंभः** = बड़े से बड़ा कपट भी जिसका हो।
726. **सर्वभूतमहेश्वरः** = सारे प्राणियों का प्रभु।

**श्मशाननिलयः तिष्यः सेतुः अप्रतिमाकृतिः।**
**लोकोत्तरस्पुटालोकः त्र्यंबकः नागभूषणः।।98।।**

727. **श्मशाननिलयः** = समस्त जगत् का नाश करने वाले प्रलय का भी नाशक।
728. **तिष्यः** = पृथ्वी का स्वरूप।
729. **सेतुः** = संसार सागर में मार्ग रूप।
730. **अप्रतिमाकृतिः** = जिसका स्वरूप अनुपम हो।
731. **लोकोत्तरस्पुटालोकः** = जिसकी आत्म प्रकाश नेत्रादि इन्द्रियों के अगोचर होकर विकसित होता हो।
732. **त्र्यंबकः** = जिसकी तीन आँखें हों।
733. **नागभूषणः** = शेष आदि नाग जिसके आभरण हों।

**अन्धकारिः मखद्वेषी विष्णुकंधरपातनः।**
**वीतदोषः अक्षयगुणः दक्षारिः पूषदन्तहृत्।।99।।**

734. **अंधकारिः** = हिरण्याक्ष का पुत्र अंधक नामक असुर का नाशक।
735. **मखद्वेषी** = जिसने दक्ष के यज्ञ से द्वेष किया हो।
736. **विष्णुकंधरपातनः** = जिसने शरभ पक्षी के रूप में गर्वित नरसिंह के कण्ठ को उठा लिया हो।
737. **वीतदोषः** = पक्षपात, घृणा आदि दोष जिससे निकल चुके हों।
738. **अक्षयगुणः** = जो नाश रहित सद्गुण सम्पन्न हो।
739. **दक्षारिः** = दक्ष प्रजापति का शत्रु।
740. **पूषदंतहृत्** = जिसने दक्ष यज्ञ में पूषा नामक सूर्य के दांत तोड़ दिये हों।

**धूर्जटिः खण्डपरशुः सकलो निष्कलोऽनघः।**
**आधारः सकलाधारः पाण्डुराभो मृडो नटः।।100।।**

741. **धूर्जटिः** = श्रेष्ठ जटाधारी।
742. **खण्डपरशुः** = सब का उच्छेद करने वाला परशु आयध जिसका हो।
743. **सकलः** = चन्द्र कला से संयुक्त।
744. **निष्कलः** = शुद्ध।
745. **अनघः** = पापरहित।
746. **आधारः** = सबका आश्रयभूत।
747. **सकलाधारः** = सब आधार जिससे हुए हों।

748. **पाण्डुराभः** = जिसकी कान्ति श्वेत वर्ण की हो।
749. **मृडः** = सब का सुखदायक।
750. **नटः** = कई रूप धारण करने वाला।

**पूर्णः पूरयिता पुण्यः सुकुमारः सुलोचनः।**
**सामगेयः प्रियकरः पुण्यकीर्तिः अनामयः।।101।।**

751. **पूर्णः** = ऐश्वर्य आदि सकल शक्ति से सम्पन्न।
752. **पूरयिता** = अपने भक्तों की अभिलाषाओं की पूर्ति करने वाला।
753. **पुण्यः** = केवल स्मरण से पापों का नाशक।
754. **सुकुमारः** = मंगलमय स्कंद जिसका पुत्र हो।
755. **सुलोचनः** = जिसकी आँखें सुन्दर हों।
756. **सामगेयः** = सामवेद से गान करने योग्य।
757. **प्रियकरः** = सबका प्रिय करने वाला।
758. **पुण्यकीर्तिः** = जिसकी कीर्ति पापों का नाशक हो।
759. **अनामयः** = जिसका शब्दों से वर्णन न कर सके। (''यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह'' – श्रुति)।

**मनोजवः तीर्थकरः जटिलो जीवितेश्वरः।**
**जीवितान्तकरो नित्यः वसुरेता वसुप्रियः।।102।।**

760. **मनोजवः** = जिस पर मन की गति न हो। (मनसः अजबः)।
761. **तीर्थकरः** = पुण्य तीर्थों का हेतुभूत।
762. **जटिलः** = जटा सहित।
763. **जीवितेश्वरः** = आयुष का स्वामी।

764. **जीवितान्तकरः** = प्राण का नाशकारक।
765. **नित्यः** = संसार बन्ध को दूर करने वाला। (नितरांत्यजति)।
766. **वसुरेताः** = जिसका वीर्य सुवर्ण का हो।
767. **वसुप्रियः** = कुबेर जिसका प्रीति पात्र हो।

**सद्गतिः सत्कृतिः सक्तः कालकण्ठः कलाधरः।**
**मानी मान्यो महाकालः सद्भूतिः सत्परायणः।।103।।**

768. **सद्गतिः** = स्थिर गति अर्थात् मोक्ष जिससे प्राप्त हो।
769. **सत्कृतिः** = जिसका कार्य प्रशस्त यानी श्रेष्ठ हो।
770. **सक्तः** = देवी में संसक्त।
771. **कालकण्ठः** = महाकाल जिसके समीप में हो।
772. **कलाधरः** = चौसठ कलाओं को धारण करने वाला।
773. **मानी** = सम्मान युक्त।
774. **मान्यः** = सत्कार करने योग्य।
775. **महाकालः** = जिसका काल असीम हो।
776. **सद्भूतिः** = जिससे सब ऐश्वर्य तथा सम्पत्ति मिलता हो।
777. **सत्परायणः** = परम स्थान रूप।

**चन्द्रसंजीवनः शास्ता लोकगूढः अमराधिपः।**
**लोकबन्धुः लोकनाथः कृतज्ञः कृतिभूषणः।।104।।**

778. **चन्द्रसंजीवनः** = चन्द्र के क्षयरोग का निवारण करने वाला।

779. **शास्ता लोकगूढ़ः** = सबका शासक तथा साधारण जनों के लिए अप्रत्यक्ष (अगोचर)।

780. **अमराधिपः** = देवों का स्वामी।

781. **लोक बंधुः** = जीवों का बन्धु।

782. **लोक नाथः** = चौदह भुवनों का ईश्वर।

783. **कृतज्ञः कृतिभूषणः** = लोगों के सत्कर्म का ज्ञाता तथा भक्तों के प्रयत्नों का फलदाता।

**अनपायी अक्षरः कान्तः सर्वशास्त्रभृतां वरः।**
**तेजोमयः द्युतिधरः लोकमायोऽग्रणीरणुः।।105।।**

784. **अनपायी अक्षरः** = नाश रहित वेद वाणी रूप।

785. **कान्तः** = मृत्यु का भी नाशक।

786. **सर्वशास्त्रभृतां वरः** = समस्त शास्त्रों के पोषकों में श्रेष्ठ।

787. **तेजोमयः द्युतिधरः** = तेजोरूप होने से सर्वत्र प्रकाशक।

788. **लोकमायः** = समस्त लोक जिसकी माया हो।

789. **अग्रणीः** = जो भक्तों को सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त कराता हो।

790. **अणुः** = अति सूक्ष्म रूप।

**शुचिस्मितः प्रसन्नात्मा दुर्जयः दुरतिक्रमः।**
**ज्योतिर्मयः निराकारः जगन्नाथो जलेश्वरः।।106।।**

791. **शुचिस्मितः** = जिसकी मुस्कुराहट परम परिशुद्ध हो।

792. **प्रसन्नात्मा** = जिसका स्वभाव सन्तोष युक्त हो।

793. **दुर्जयः** = जिसका जीतना असम्भव हो।

794. **दुरतिक्रमः** = जिसका अतिक्रमण करना कठिन हो।
795. **ज्योतिर्मयः** = ज्योतिर्लिङ्ग का स्वरूप।
796. **निराकारः** = गुण और रूप रहित।
797. **जगन्नाथः** = सारे जगत का स्वामी।
798. **जलेश्वरः** = समस्त तीर्थों का ईश्वर।

**तुम्बवीणी महाकायः विशोकः शोकनाशनः।**
**त्रिलोकात्मा त्रिलोकेशः शुद्धः शुद्धिरथाक्षजः।।107।।**

799. **तुम्बवीणी** = लौकी के फलों से युक्त रुद्र वीणा युक्त।
800. **महाकायः** = जिसकी मूर्ति पूजनीय हो।
801. **विशोकः** = जिसको किसी तरह का दुःख न हो।
802. **शोकनाशनः** = भक्तों के दुःख दूर करने वाला।
803. **त्रिलोकात्मा** = तीनों लोक जिसका शरीर हो।
804. **त्रिलोकेशः** = तीनों लोकों का नाथ।
805. **शुद्धः** = पाप रहित।
806. **शुद्धिः** = पवित्रता रूप।
807. **रथाक्षजः** = सुदर्शन चक्र का निर्माता।

**अव्यक्तलक्षणोऽव्यक्तः व्यक्ताव्यक्तः विशाम्पतिः।**
**वरशीलो वरतुलः मानो मानधनो मयः।।108।।**

808. **अव्यक्त लक्षणः** = जिसका वर्णन करने योग्य लक्षण स्पष्ट न हो।
809. **अव्यक्तः** = विष्णु जी जिससे व्यक्त हुए।
810. **व्यक्ताव्यक्तः विशाम्पतिः** = जो कहीं प्रकट कहीं अस्पष्ट हो तथा सब प्रजाओं का पालक।

811. **वरशीलः** = सर्वश्रेष्ठ सद्‌गुण और सदाचरण जिससे मिलता हो।

812. **वरतुलः** = सर्वश्रेष्ठ गौरव जिसका हो।

813. **मानः** = सबका प्रमाण भूत।

814. **मानधनः मयः** = सन्मान के साथ धन जिससे मिलता हो और सुख स्वरूप।

**ब्रह्मा विष्णुः प्रजापालः हंसो हंसगतिर्यमः।**
**वेधा धाता विधाता च अत्ता हर्ता चतुर्मुखः।।109।।**

815. **ब्रह्मा** = सृष्टि कर्त्ता ब्रह्मा का स्वरूप।

816. **विष्णुः प्रजापालः** = व्यापक रूप से प्रजाओं की रक्षा करने वाला।

817. **हंसः** = अज्ञान का नाशक परमात्मा स्वरूप।

818. **हंसगतिः** = योगियों की प्रवृत्ति जिसमें हो।

819. **यमः** = अहिंसा, सत्य आदि यम नामक योग का अङ्ग।

820. **वेधाः** = सबका आधारभूत।

821. **धाता** = जगत् का पोषक।

822. **विधाता** = विशेष रूप से ब्रह्माण्ड का पोषक।

823. **अत्ता हर्त्ता** = जगत् का भक्षण तथा संहार करने वाला।

824. **चतुर्मुखः** = ब्रह्मा रूप।

**कैलासशिखरावासी सर्वावासी सतां गतिः।**
**हिरण्यगर्भो हरिणः पुरुषः पूर्वजः पिता।।110।।**

825. **कैलासशिखरावासी** = कैलास पर्वत का शिखर जिसका निवास स्थान हो।

826. **सर्वावासी** = सब जगह जिसका निवास स्थान हो।

827. **सतांगतिः** = साधुओं का मार्ग रूप।

828. **हिरण्यगर्भः** = सुवर्ण जिसके वीर्य से उत्पन्न हो।

829. **हरिणः** = गौरवर्ण।

830. **पुरुषः** = 'पुरुष' कहा जाने वाला (''पुरुषं शङ्करं प्राहुः गौरीं च प्रकृतिं द्विजाः)।

831. **पूर्वजः पिता** = सबका जनक (सृष्टि कर्त्ता)।

**भूतालयो भूतपतिः भूतिदः भुवनेश्वरः।**
**संयोगी योगवित् ब्रह्मा ब्रह्मण्यः ब्राह्मणप्रियः।।111।।**

832. **भूतालयः** = भूत वन नामक स्थान जिसका हो।

833. **भूतपतिः** = आकाश आदि पाँच भूतों का पालक।

834. **भूतिदः** = ऐश्वर्य जो प्रदान करता हो।

835. **भुवनेश्वरः** = भुवनों के ईश्वर जिससे उत्पन्न हों।

836. **संयोगी** = कर्मफलों को ठीक–ठीक प्राणियों को देने वाला।

837. **योगवित् ब्रह्मा** = सब उपायों को जानने वाला ब्रह्मा।

838. **ब्रह्मण्यः** = तपस्या के लिए हितकारी।

839. **ब्राह्मण प्रियः** = ब्राह्मण जिसके प्रिय हों।

**देवप्रियः देवनाथः देवज्ञः देवचिंतकः।**
**विषमाक्षः कलाध्यक्षः वृषाङ्को वृषवर्धनः।।112।।**

840. **देवप्रियः** = देवता लोग जिसके प्रिय हों।

841. **देवनाथः** = देवों का स्वामी।

842. **देवज्ञः** = देव जिसकी कृपा से ज्ञानी बनते हों।

843. **देवचिन्तकः** = देवता लोग भी जिसका चिन्तन करते हों।

844. **विषमाक्षः** = जिसकी तीन आँखें हों।

845. **कलाध्यक्षः** = चौसठ कलाओं का प्रभु।

846. **वृषाङ्कः** = धर्म ही जिसका भूषण हो।

847. **वृषवर्धनः** = धर्म की वृद्धि जो करता हो।

**निर्मदो निरहङ्कारः निर्मोहः निरुपद्रवः।**
**दर्पहा दर्पितो दृप्तः सर्वर्तुपरिवर्तकः।।113।।**

848. **निर्मदः निरहंकारः** = जिससे मद और अहंकार निकल चुके हों।

849. **निर्मोहः** = मोह रहित।

850. **निरुपद्रवः** = जिसकी कृपा से सारा कष्ट दूर हो जाता हो।

851. **दर्पहा** = सबके गर्व का नाशक।

852. **दर्पितः** = सदा सन्तुष्ट।

853. **दृप्तः** = अपनी ही आत्मा के अमृत के आस्वाद से सदा आनन्दित।

854. **सर्वर्तुपरिवर्तकः** = बसन्त आदि सभी ऋतुओं को उचित समयों पर बदलने वाला।

**सप्तजिह्वः सहस्रार्चिः स्निग्धः प्रकृतिदक्षिणः।**
**भूतभव्यभवन्नाथः प्रभवः भ्रान्तिनाशनः।।114।।**

855. **सप्तजिह्वः** = अग्नि रूप।

856. **सहस्रार्चिः** = असंख्य दीप्ति युक्त।

857. **स्निग्धः** = दया से अभिभूत।

858. **प्रकृतिदक्षिणः** = स्वभाव से सरल।

859. **भूतभव्यभवन्नाथः** = भूत, भविष्य तथा वर्तमान एवं तीनों कालों का नाथ।

860. **प्रभवः** = संसार जिससे उत्पन्न हों।

861. **भ्रान्तिनाशनः** = देहादि में मायावश जो आत्मबुद्धि करते हैं उस भ्रम का नाशक।

**अर्थः अनर्थः महाकोशः परकार्यैकपण्डितः।**
**निष्कण्टकः कृतानन्दः निर्व्याजः व्याजमर्दनः।।115।।**

862. **अर्थः** = सबसे प्रार्थना करने योग्य।

863. **अनर्थः** = जो पूर्णकाम हो जिसके कारण किसी वस्तु की आवश्यकता न हो।

864. **महाकोशः** = जिससे अनन्त धन मिलता हो।

865. **परकार्यैकपण्डितः** = दूसरों के मोक्षरूपी कार्य में अद्वितीय कुशलता जिसकी हो।

866. **निष्कण्टकः** = जिससे काम क्रोध आदि शत्रु निकल चुके हों।

867. **कृतानन्दः** = जिससे अखण्ड आनन्द मिलता हो।

868. **निर्व्याजः** = निष्कपट (कपट रहित)।

869. **व्याजमर्दनः** = कपट का नाशक।

**सत्ववान्सात्विकः सत्यकीर्तिस्तम्भकृतागमः।**
**अकम्पितः गुणग्राही नैकात्मा नैककर्मकृत्।।116।।**

870. **सत्यवान्** = शौर्य वीर्य आदि गुण जिसमें हों।
871. **सात्त्विकः** = सत्व गुण प्रधान।
872. **सत्यकीर्तिस्तम्भकृतागमः** = जिसने वेद को सत्य की कीर्ति को प्रकट करने वाला ध्वजस्तम्भ बना दिया हो।
873. **अकम्पितः** = अविचलित।
874. **गुणग्राही** = भक्तों के गुणों को ग्रहण करने वाला।
875. **नैकात्मा नैककर्मकृत्** = सकल जीवों के रूप होकर सब कर्मों का करने वाला।

**सुप्रीतः सुमुखः सूक्ष्मः सुकरः दक्षिणोऽनलः।**
**स्कन्धः स्कन्धधरोधुर्यः प्रकटः प्रीतिवर्धनः।।117।।**

876. **सुप्रीतः** = भक्तों के ऊपर अति प्रसन्न जो हो।
877. **सुमुखः** = जिसकी कृपा से संसार से अच्छी तरह निकल पायेंगे।
878. **सूक्ष्मः** = सूक्ष्म रूप से सर्वत्र व्याप्त।
879. **सुकरः** = जिसके हाथ वरद होने से सुशोभित हो।
880. **दक्षिणः** = दक्षिण मार्ग अर्थात् पितृभान का रूप।
881. **अनलः** = स्वयं अपने आपका आभूषण होने से बाहर के आभूषणों की आवश्यकता जिसकी न हो।
882. **स्कंधः** = तत्त्वों का समूह रूप।
883. **स्कंधधरः** = सब तत्त्वों का पोषक।

884. **धुर्यः** = समस्त भूतों के जन्म मरण इत्यादि कार्यों का निर्वाहक।

885. **प्रकटः** = सूर्यादिरूप में प्रत्यक्ष।

886. **प्रीतिवर्धनः** = अपार महिमा के कारण भक्तों के प्रेम की वृद्धि करने वाला।

**अपराजितः सर्वसहः विदग्धः सर्ववाहनः।**
**अधृतः स्वधृतः साध्यः पूर्तमूर्तिर्यशोधरः।।118।।**

887. **अपराजितः** = जो कभी परास्त न हुआ हो।

888. **सर्वसहः** = सब सृष्टि की हुई वस्तुओं को सहन करने वाला।

889. **विदग्धः** = जो ज्ञानाग्नि के रूप से कर्मों को जला देता हो।

890. **सर्ववाहनः** = जिससे सब कुछ उपलब्ध होता हो।

891. **अधृतः** = जिसका कोई दूसरा आधार न हो।

892. **स्वधृतः** = आत्मा ही जिसका आधार हो।

893. **साध्यः** = पाने योग्य।

894. **पूर्तमूर्तिः** = दान आदि पूर्त कार्य ही जिसका स्वरूप हो। (तालाब या कुआँ बनाना आदि जन सेवा रूप धर्म कार्य पूर्त कहलाता है)।

895. **यशोधरः** = जो कीर्ति को धारण करता हो।

**वराहश्रृङ्गधृक् वायुः बलवान् एकनायकः।**
**श्रुतिप्रकाशः श्रुतिमान् एकबन्धुः अनेकधृक्।।119।।**

896. **वराहशृङ्गधृक्** = जो यज्ञवराह के रूप में अपनी दाढ़ के साथ अवतार लिया हो।

897. **वायुः** = वायु रूप।

898. **बलवान्** = जिसका अपरिमित बल हो।

899. **एकनायकः** = अनुपम श्रेष्ठ।

900. **श्रुतिप्रकाशः** = जिसकी महिमा वेदों से प्रकट होती हो।

901. **श्रुतिमान्** = जो नित्य वेद सहित हो।

902. **एकबन्धुः** = प्रत्युपकार की प्रतीक्षा के बिना दूसरों का एकमात्र उपकार करने वाला।

903. **अनेकधृक्** = असंख्य भक्तों का पोषक।

**श्रीवल्लभशिवारम्भः शान्तभद्रः समञ्जसः।**
**भूशयो भूतिकृत् भूतिः भूषणः भूतवाहनः।।120।।**

904. **श्री वल्लभशिवारम्भः** = विष्णु की मंगलमय उत्पत्ति जिससे हुई हो।

905. **शान्तभद्रः** = शान्त लोगों का मङ्गल जिससे होता हो।

906. **समञ्जसः** = यथार्थ तत्त्व को अच्छी तरह जानने वाला।

907. **भूशयः** = भूमि जिसकी शय्या हो।

908. **भूतिकृत् भूतिः** = सब ऐश्वर्य प्रदान करने वाले देवों का भी ऐश्वर्य प्रदान करने वाला।

909. **भूषणः** = सबका आभरण भूत।

910. **भूतवाहनः** = समस्त प्राणी जिसके वाहन हों।

**अकायो भक्तकायस्थः कालज्ञानी कलावपुः।**
**सत्यव्रतमहात्यागी निष्ठाशान्तिपरायणः।।121।।**

911. **अकायः** = जिसका शरीर न हो।
912. **भक्तकायस्थः** = भक्तों के हृदय रूपी कमलों में स्थित।
913. **कालज्ञानो** = जो काल को जानता हो।
914. **कलावपुः** = केवल चिंतन से संसार सागर से पार कराने वाला (जिसका शरीर नौका जैसा हो)।
915. **सत्यव्रतमहात्यागी** = सत्यनिष्ठ तथा निष्कपट लोग जिससे महान त्यागी बनते हों।
916. **निष्ठाशान्तिपरायणः** = मरण तक शान्ति ही जिसका परम स्थान हो।

**परार्थवृत्तिः वरदः विविक्तः श्रुतिसागरः।**
**अनिर्विण्णो गुणग्राही कलङ्काङ्कः कलङ्कहा।।122।।**

917. **परार्थवृत्तिः** = दूसरों को मोक्ष प्रदान करना ही जिसका मुख्य कार्य हो।
918. **वरदः** = माया के विकास का नाशक।
919. **विविक्तः** = जड़ जगत से जो भिन्न रूप से स्थित हो।
920. **श्रुतिसागरः** = वेदों का सागर जैसे अपार।
921. **अनिर्विण्णः** = जगत् सृष्टि आदि कार्यों में अथक रूप से संलग्न।
922. **गुणग्राही** = अपने गुणों से जो भक्तों को आकर्षित करता हो।
923. **कलङ्काङ्कः** = चन्द्ररूप।

924. **कलङ्कहा** = अपवादों का नाशक।

**स्वभावरुद्रो मध्यस्थः शत्रुघ्नो मध्यनाशकः।**
**शिखण्डी कवची शूली चण्डी मुण्डी च कुण्डली।।123।।**

925. **स्वभावरुद्रः** = अज्ञान का नाश करना जिसका स्वभाव हो।

926. **मध्यस्थः** = ब्रह्मा तथा विष्णु के मध्य भाग में स्थित।

927. **शत्रुघ्नः** = अंधकासुर आदि असुरों को भी परम पद जो प्रदान करता हो।

928. **मध्यनाशकः** = रुद्ररूप से जगत् का संहार करने वाला।

929. **शिखण्डी** = शिखा सहित।

930. **कवची** = कवच जो धारण करता हो।

931. **शूली** = शूल जो धारण करता हो।

932. **चण्डी** = चंड नामक गण जिसका हो।

933. **मुण्डी** = जिसके गण मुंडित सिर सहित हों।

934. **कुण्डली** = सर्पों को कुण्डलों के रूप में कान में जो पहनता हो।

**मेखली कवची खड्गी मायी संसारसारथिः।**
**अमृत्युः सर्वदृक् सिंहः तेजोराशिः महामणिः।।124।।**

935. **मेखली** = कटि सूत्र सहित।

936. **कवची** = पटह आदि वाद्य सहित।

937. **खड्गी** = चंद्रहास नामक तलवार जिसका हो।

938. **मायी संसारसारथिः** = माया का नाथ होकर संसार का सहायक।

939. **अमृत्युः सर्वदृक्** = मरण रहित होने से सबका द्रष्टा।

940. **सिंहः** = सिंह रूप।

941. **तेजोराशिः महामणिः** = महान कान्ति युक्त कौस्तुभ आदि रत्न रूप।

**असंख्येयः अप्रमेयात्मा वीर्यवान् कार्यकोविदः।**
**वेद्यो वेदार्थवित् गोप्ता सर्वाचारो मुनीश्वरः।।125।।**

942. **असंख्येयः** = अपार।

943. **अप्रमेयात्मा** = जिसके स्वरूप को प्रमाणों से जानना असंभव हो।

944. **वीर्यवान्** = प्रभावशाली।

945. **कार्यकोविदः** = सब कार्यों में निपुण।

946. **वेद्यः** = मुमुक्षु लोगों के जानने योग्य।

947. **वेदार्थवित् गोप्ता** = वेदों के अर्थ को जानने वालों का रक्षक।

948. **सर्वाचारः** = सब धर्मों का आचरण जिससे उत्पन्न हो।

949. **मुनीश्वरः** = मुनियों का ईश्वर।

**अनुत्तमो दुराधर्षः मधुरः प्रियदर्शनः।**
**सुरेशः शरणं सर्वः शब्दब्रह्म सतां गतिः।।126।।**

950. **अनुत्तमः** = विष्णु से वन्दित या जिससे बढ़कर प्रशंसा के योग्य न हो।

951. **दुराधर्षः** = जिसके ऊपर आक्रमण करना असम्भव हो।
952. **मधुरः** = शहद जैसा माधुर्य प्रदान करने वाला।
953. **प्रियदर्शनः** = सर्वश्रेष्ठ आत्मा के स्वरूप को दिखाने वाला।
954. **सुरेशः** = देवता लोग जिसकी कृपा से ईश बने हों।
955. **शरणं** = सब की रक्षा करने वाला।
956. **सर्वः** = समस्त विश्व के रूप में जो स्थित हो।
957. **शब्दब्रह्म सतां गतिः** = जो लोग शब्द रूप ब्रह्म की उपासना करते हों उनका मार्ग रूप।

**कालभक्षः कलंकारिः कंकणीकृतवासुकिः।**
**महेष्वासो महीभर्ता निष्कलंको विशृंखलः।।127।।**

958. **कालभक्षः** = काल के रूप से संहार करने वाला।
959. **कलंकारिः** = चित्तादि मलों का नाशक।
960. **कंकणीकृतवासुकिः** = सर्पराज वासुकि को कटण के रूप में जिसने पहना हो।
961. **महेष्वासः** = अक्षय तुणीर (शरों को रखने का भाजन) सहित।
962. **महीभर्ता** = जगत् का पोषण करने वाला।
963. **निष्कलंकः** = अविद्या रूपी मल जिससे निकल चुका हो।
964. **विशृंखलः** = जिसकी माया के बन्धन में सब फंसे हुए हैं।

**द्युमणिः तरणिः धन्यः सिद्धिदः सिद्धिसाधनः।**
**निवृत्तः संवृतः शिल्पो व्यूढोरस्को महाभुजः।।128।।**

965. **द्युमणिः तरणिः** = आकाश के रत्नरूप सूर्य का रूप।

966. **धन्यः** = कृतकृत्य।

967. **सिद्धिदः** = अणिमादि सिद्धियों को प्रदान करने वाला।

968. **सिद्धिसाधनः** = सिद्धियों की प्राप्ति जिससे होती हो।

969. **निवृत्तः** = जिससे प्रसव बन्धन (गर्भ से जन्म) होता हो।

970. **संवृतः** = माया से जिसका रूप ढका हो।

971. **शिल्पः** = जिसको सारे ब्रह्माण्ड की रचना की कला का ज्ञान हो।

972. **व्यूढोरस्कः** = जिसका वक्ष प्रदेश विस्तृत हो।

973. **महाभुजः** = जिसकी भुजाएं दीर्घ हों।

**एकज्योतिः निरातंको नरो नारायणप्रियः।**
**निर्लेपो निष्प्रपंचात्मा निर्व्यग्रो व्यग्रनाशनः।।129।।**

974. **एकज्योतिः** = जिसका अद्वितीय चिद्रूप हो।

975. **निरातटः** = रोग रहित।

976. **नरः नारायणप्रियः** = नर नामक धर्म पुत्र का रूप तथा नारायण नामक बड़े भाई का प्रीति पात्र (नर और नारायण ऋषि दोनों धर्म के पुत्र थे)।

977. **निर्लेपः** = जिससे कर्म का सम्बन्ध निकल चुका हो।

978. **निष्प्रपंचात्मा** = जिसका शरीर पंचभूतों के संघात से न बना हो।

979. **निर्व्यग्रः** = जिसकी कृपा से अन्तःकरण कर्मबन्धन और संस्कारों से मुक्त हो जाता हो।

980. **व्यग्रनाशनः** = काम्य कर्मों में आसक्त अन्तःकरणों का नाशक।

**स्तव्यस्तवप्रियः स्तोता व्यासमूर्तिरनाकुलः।**
**निरवद्यपदोपायो विद्याराशिरविक्रमः।।130।।**

981. **स्तव्यस्तवप्रियः** = स्तोत्र करने योग्य योगियों की स्तुति जिसको प्रिय लगती हो।
982. **स्तोता व्यासमूर्तिः** = स्तुति करने वाले व्यास आदि मुनियों का स्वरूप।
983. **अनाकुलः** = काम क्रोध रूपी शत्रुओं का जिसके ऊपर प्रभाव न हो।
984. **निरवद्यपदोपायः** = मोक्ष का साधन रूप।
985. **विद्याराशिः** = सारी विद्याओं का समूह जिससे उत्पन्न हो।
986. **अविक्रमः** = जिसको अपने पराक्रम से पाना असम्भव हो अर्थात् उनकी कृपा से ही पाने योग्य।

**प्रशान्तबुद्धि अक्षुद्रः क्षुद्रहा नित्यसुन्दरः।**
**धैर्याग्र्यधुर्यो धात्रीशः शाकल्यः शर्वरीपतिः।।131।।**

987. **प्रशांतबुद्धि अक्षुद्रः** = जिसकी बुद्धि शांत हो तथा विषमता या पक्षपात रहित हो।
988. **क्षुद्रहा** = विषम बुद्धियों का नाशक।
989. **नित्यसुन्दरः** = जो सब कालों में सुन्दर हो।
990. **धैर्याग्र्यः धुर्यः** = श्रेष्ठ धीर पुरुषों में सर्वप्रथम।
991. **धात्रीशः** = पृथ्वी का स्वामी।
992. **शाकल्यः** = शाकल्य नामक ऋषिरूप।
993. **शर्वरीपतिः** = चन्द्ररूप।

**परमार्थगुरुर्दृष्टिः गुरुः आश्रितवत्सलः।**
**रसो रसज्ञः सर्वज्ञः सर्वसत्त्वावलंबनः।।132।।**

994. **परमार्थगुरुः दृष्टिः** = मोक्ष का उपदेशक वेद का स्वरूप होते हुए सबका नेत्र रूप।

995. **गुरुः** = सब के हित का उपदेशक।

996. **आश्रितवत्सलः** = अपने भक्तों पर जो अत्यधिक करुणायुक्त हो।

997. **रसः** = ब्रह्मरस का रूप जिसका हो।

998. **रसज्ञः** = जिससे भक्त लोग ब्रह्म रस का ज्ञान पाते हों।

999. **सर्वज्ञः** = जिसकी कृपा से योगी लोग सब ब्रह्मांड का ज्ञान प्राप्त करते हों।

1000. **सर्वसत्त्वावलंबनः** = समस्त प्राणियों का आश्रयभूत।

* * * *



परम पूज्य स्वामी श्री शान्तानन्द पुरी जी महाराज का जन्म 1928 में हुआ था। वे वशिष्ठ गुहा (हिमालय) के परमपूजनीय सन्त श्री स्वामी पुरुषोत्तमानन्द जी महाराज के शिष्य हैं तथा वे उनकी आध्यात्मिक धरोहर को एक अनोखे रूप में जन-मानस तक ले जा रहे हैं।

स्वामीजी ज्ञान और वैराग्य के मूर्तिमान रूप हैं। उनकी निश्चल साधनी पवित्रता, आत्मसमर्पण की प्रतिबद्धता एवं अधिक से अधिक साधकों को सहायता करने की सदैव तत्पर रहने की भावना ने देश और विदेश से अनेक शिष्यों को उनकी ओर आकर्षित किया है।

अंग्रेजी, तमिल तथा हिन्दी भाषाओं में 'भागवत सप्ताह' करने के लिए स्वामीजी सुविख्यात हैं। स्वामीजी संस्कृत भाषा व मन्त्रशास्त्र के उच्च कोटि के विद्वान हैं। उन्होंने अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल में तीस से अधिक उत्कृष्ट आध्यात्मिक पुस्तकों की रचना की है एवं अनेक लेख लिखें हैं। जो वेबसाइट पर नि:शुल्क उपलब्ध हैं एवं जिनकी सूची इस पुस्तक में भी उपलब्ध है।

प्रस्तुत पुस्तक को पढ़ने से पूर्व निवेदन है कि इसकी प्रस्तावना अवश्य पढ़ लें। जिससे पाठकों को इस पुस्तक की रचना के पीछे दिव्य प्रयोजन का आभास हो जाएगा। जो भी व्यक्ति अपने जीवन में सुख शान्ति और अच्छे सामाजिक सम्बन्ध चाहते हैं विशेषत: विवाहित व्यक्ति जिनके पारस्पारिक सम्बन्धों में कटुता है वह सभी श्री शिवसहस्त्रनाम का नियमित पाठ अवश्य करें। सभी मुमुक्षुओं को भी यह दिव्य ग्रन्थ मोक्ष प्रदान करने में समर्थ हैं।